Mission Accomplished
A Saga of Sacrifices Praja Parishad - II
KUPWARA
BANDIPURA
GANDERBAL
BARAMULLA
SRINAGAR
PULWAMA
PUNCH
BUDGAM
ANANTNAG
SHOPIAN
KARGIL
JAMMU
SAMBA

संकल्पित भारत, सशक्त भारत
Sankalpit Bharat
Sashakt Bharat
SANKALP PATRA
संकल्प पत्र

Mission Accomplished

From the author

It was heartening to honour and remember those who had taken part in the great struggle for unity and integrity of the Country when there were evil designs at work to distance J&K from rest of India. To appease his friend Sheikh Abdullah, the all powerful Prime Minister, Sh Jawahar Lal Nehru had committed the blunder by incorporating Article 370 in the Constitution, despite opposition even by the Law Minister Dr B.R. Ambedkar and other nationalists.

Sh Nehru, however, had pleaded that this was just a Temporary Provision and would wither away with passage of time.

But in J&K, the visionary Pt Prem Nath Dogra did not agree with the assertion of Sh Nehru terming Article 370 as a blooper. Pandit Ji under the banner of All J&K Praja Parishad launched a great struggle. He also garnered support of many nationalists in the country including that of towering opposition leader and the founder of BJS to this end. Dr Mookerjee had given the slogan of "Ek Desh Mein Do Vidhan, Do Nishan and Do Pradhan Nahin Challenge Nahin Challenge".

The despotic rulers of the State, infected by communal virus, created a horrible situation for Satyagrahis and as many as 15 youth were gunned down at different places just for hoisting the national

Tricolour Flag. In jails the arrested Satyagrahis were counted as enemy agents.

This is infact the 2nd Part of the book – "A Saga of Sacrifices Praja Parishad Movement in Jammu & Kashmir" under the great stewardship of Dr Syama Prasad Mookerjee and Pt Prem Nath Dogra.

The first book was published about a year ago, before the abrogation of controversial Article 370 and 35 A. And this second one is now after accomplishing of the mission integration viz ; One Nation, One Constitution.

This part mostly contains the Jail Diary written by late Shri Sanji Ram Gupta a prominent activist of the Praja Parishad. This depicts the horrible conditions created by the then Govt. and the protagonist of the Article 370 and a separate Constitution, Flag and head of J&K in order to create fiefdom of few families who ruled the roost for over 70 long years creating numerous problems.

Credit goes to the Shri Narendra Modi dispensation for a daring leap to scrap the obnoxious provisions from the constitution which were included as Temporary but stayed for over seven decades.

This part of the book also contains the role played by some of the patriotic activists to whose places the publisher, could reach.

Kul Bhushan Mohtra
Nana Ji Deshmukh Library and Documentation Department
Trikuta Nagar, Jammu (J&K) UT.
+91 9419189333
Email : kulbjp2017@gmail.com

Mission Accomplished

Mission Accomplished

Author

Kul Bhushan Mohtra

Bharatiya Janata Party

Publisher

Nana Ji Deshmukh Library &
Documentation Department
BJP, Trikuta Nagar, Jammu.
(Jammu Kashmir UT)

ISBN

978-93-5391756-2

Edition

First -2019-20
Print 1000 Books

Price

Rs. 595.00

Printed at

C.K Printers & Publishers
New Plots Jammu (J&K)
Mob. 9419187650

Nana Ji Deshmukh Library and Documentation Department J&K , BJP is highly thankful to the people who have contributed in its compilation

Translation :

Dr. Surita Sharma (Astt. Prof. Dogri), Rohini Raina, Rohit Raina
Smt. Vijay Gupta & Adv. Naresh Kumar Raina

Consultant :

Sh. Gopal Dass Sachar & Brig. Vetran Anil Gupta

Editing :

Sh. Balbir Ram Rattan & Adv. Sumer Khajuria

Design and Lay out :

Rajeev Kumar (Bablu)

Typing and Photographs :

Mona Bhatt, Sandeep Singh Manhas,
Vishal Targotra & Inderjeet

Contents

Ek Nishan Ek Vidhan Ek Pradhan

The political lineage *further went on in stepping into shoes of Dr. Syama Prasad Mookerjee to strive hard for carrying the mission of Ek Nishan Ek Vidhan Ek Pradhan to undertake its further steady journey. Accordingly Shri Prakash Vir Shastri, Member of Lok Sabha from Bijnor moved a private bill for abrogation of Article 370 in the Lok Sabha on September 11, 1964, which gained momentum of carrying support of all the Members of Lok Sabha representing the Jammu and Kashmir state viz. Shri Inderjit Malhotra, Sham Lal Saraf, Gopal Dutt Mengi apart from three others from J&K totalling six members present in the House on division took place on December 4, 1964. Though the said Bill was defeated on the said date but the crucial issue of Article 370 gained moral support of both the Houses of the Parliament, because of the fact Sh Lal Bahadur Shastri's led Government was at the Centre. It was expected that such a pressure will fructify by way of official Bill in the parliament on this issue but because of sudden demise of the then Prime Minister Sh Shastri who was succeeded by Smt Indira Gandhi, the move went under carpet. Another attempt was further made by Sh Atal Bihari Vajpayee in moving a private Bill No 86 of 1971 on the floor of Lok Sabha on July 9th, 1971, with the objects and reasons read as "The Special Status of the state of Jammu and Kashmir being maintained even after 20 years of the commencement of the Constitution is an anachronism which must be discarded now. The general legislative competence of Parliament should not be dependent on the sweet will of the State so far as the matter impinges on the sovereignty of Parliament. It is therefore necessary that the power of Parliament to legislative on matters included in the Union list must be restored immediately. In any case the special position enjoyed by the state of Jammu and Kashmir must be ended by 26th January 1972.*

Even Sheikh Mohammad Abdullah being at his last leg of his life realized the sins of insisting draconian provisions of Article 370 in the Constitution of India, had made statement on the floor of the State Legislative Assembly at Jammu on 2nd March 1981 that "Article 370 is not any Quranic sermon, which cannot be changed. Removing Article 370 will open roads of success".

The destiny of Jammu and Kashmir engulfed by the barriers of obstractions in way of its developing future changed when Shri Narendra Modi stormed into power with thumping majority to head 2nd term Government of the country in the last week of May 2019 and Amit Shah to become the Union Home Minister as well. The duo after cautious study of past homework carried in the 1st inning of Sh Modi's Government, proved to be the true coronations of Dr Syama Prasad Mookerjee, in accomplishing his last desire of Ek Nishan Ek Vidhan and Ek Pradhan (hanging in balance for the last over seven decades) by way of introduction of the Constitution (Application to the Jammu and Kashmir) order 2019 (c.o 272) from the President of India in exercise of his power vested under Article 370(1) of the Constitution of India, thereby all the provisions of the Constitution of India as amended from time to time were ordered to

be applied in case of the State of Jammu and Kashmir with exceptions and modifications to Article 367(4), by superseding the provisions of the Constitution (Application to the Jammu and Kashmir) order 1954 as amended from time to time. Further such move in shape of the order of the President called as the Constitution (Application to Jammu and Kashmir) order was further approved by the both Houses of the Parliament in shape of a resolution of the Government of India moved by Sh Amit Shah in Rajya Sabha on 5th August 2019 i.e. by way of presentation of Bill No 29 of 2019 to provide for the reorganization of the existing State of Jammu and Kashmir and for the matters connected there with or incidental there to with the statement of objects and reasons read as;

"The Ladakh Division of the State of Jammu and Kashmir has a large area but is sparsely populated with very difficult terrain. There has been a long pending demand of the people of Ladakh, to assign it to a status of Union Territory to enable them to realize their aspirations. The Union Territory of Ladakh will be without legislature.

Further keeping in view the prevailing internal security situation, fuelled by cross border terrorism in the existing State of Jammu and Kashmir, a separate Union Territory for Jammu and Kashmir is being created. The Union Territory for Jammu and Kashmir will be with legislature".

The said Bill was passed after a constructive debate both in Rajya Sabha and Lok Sabha on 5th and 6th August 2019 respectively by securing more than 2/3rd majority of both Houses of the Parliament, thus converting the same into the Jammu and Kashmir Reorganization Act 2019 (No 34 of 2019), following Act of Parliament received assent of the President of India on 9th August 2019 so published in the Gazette of India on the same date, thus the wrongs of the past were undone by fulfilling the dreams of the First Martyr of the cause, Dr Syama Prasad Mookerjee, and offering flowering tributes to the political lineage Pt. Prem Nath Dogra, Late Prakash Veer Shastri, Sh Atal Bihari Vajpayee, all members of the Lok Sabha representing the State in 1964 and 1972 and other members of Lok Sabha supporting the Bills in 1964 and 1971-72, besides the message of peace and gratitude so carried by Ms. Sushma Swaraj Senior Leader of BJP and former Union Minister while leaving this World on 6th August 2019 for the abode souls of heaven, long waiting for this great occasion after their sacrifices in different agitations of different shades since 1953. The said Act and orders have further been readily transform to reality when the state flag was brought down from the roof of civil Secretariat at Srinagar on 25th August 2019.

The prominent leaders like Sh Atal Bihari Vajpayee, Sh Balraj Madhok, Lal Krishan Advani, Kedar Nath Sahwny, Vaidya Guru Dutt and Tek Chand besides some other leaders at the Centre, as well as Pt Prem Nath Dogra, Bhagwat Swaroop Ji, Gopal Dass Sachar, Thakur Baldev Singh, Luder Mani Sangra, Sham Lal Sharma, Rishi Kumar Koushal, Shiv Charan Gupta, Vaidya Vishnu Dutt, Prof. Chaman Lal Gupta, Mahesh Chander, Sehdev

Singh, Rajinder Gupta, Chaggar Singh, Paras Ram Pachiala, Raghunath Singh Samyal, Labhu Ram, Ram Nath Manhas, Ram Nath Balgotra, Amar Nath Gupta, Lal Chand Aggarwal, Sanji Ram Gupta, Dr. Om Prakash Mengi and Daya Krishan Kotwal from the state of J&K had agitated against the callous attitude of Sheikh Abdullah's regime in 1952-53 and such stir steadily went on throughout for more than 65 years.

Only because of the untired pursuits of leadership of the party both at centre and the State of Jammu and Kashmir, the fortunate period of the state came closer to solutions of burning problems, when the Bharatiya Janata Party's Government was elected to power in 2014 under the able leadership of Sh Narinder Modi being projected face of Prime Ministership by the then Party Chief, Sh Raj Nath Singh Ji. The said Government at its own took up the chequered issue of Ek Nishan, Ek Vidhan (so left unfinished) at its own level for study to search out the solution. A depth study of BJP Government of first inning made ways out before the said Government in its second inning, which in fact commenced from May' 2019 under the stewardship of Sh Narinder Modi the Hon'ble Prime Minister and the Union Home Minister Sh Amit Shah Ji (proved to be glittering diamonds of nation).

The able representation of Jammu and Kashmir more specifically, Dr. Jitendra Singh, Sh Jugal Kishore Sharma and Sh Jamyang Tsering Namgyal all members of Lok Sabha besides Thakur Shamsher Singh Ji Member of Rajya Sabha put forth the cause of the people of the J&K vociferously and faced the opposition very strongly. Even Prof Chaman Lal Ji while representing Lok Sabha seat of J&K for three terms (1996-2004) Thakur Baldev Singh and Vaidya Vishnu Dutt had also taken keen interests on the subject in Lok Sabha.

The role played by Central leaders like Sh. Avinash Rai Khanna, Prabhari J&K and National Vice-President as well as Sh. Ram Madhav, National General Secretary i/c J&K cannot be over looked. At the sametime state leadership right for the time of Thakur Baldev Singh till today under able guidance of Prof. Chaman Lal, Daya Krishan Kotwal, Nirmal Singh, Ashok Khajuria, Shamsher Singh Manhas, Sat Sharma, Ravinder Raina continued to struggle hard for the abrogation of the draconian law. The movement was given further impetus in the last five years by the able guidance of Sh. Ashok Koul General Secretary (Organisation).

Martyr's of 1952-53 Praja Parishad Movement of Jammu & Kashmir

‘शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मिटने वालों का यही आखरी निशान होगा’

1953 के ऐतिहासिक एक विधान-एक निशान-एक प्रधान आन्दोलन के शहीदों को शत्-शत् नमन

1	Mela Ram	Chhamb	
2	Nanak Chand	Dhonchak, Jourian	C/o 9086387977
3	Basant Chand	Mattu, Jourian	C/o 9419769183
4	Baldev Singh	Rati Dhanda	
5	Sain Singh	Bhopur, Sunderbani	
6	Waryam Singh	Bhopur	
7	Trilok Singh	Pragwal	C/o 9419988929
8	Baba Krishan Dass	Pukharni, Sunderbani	C/o 9797198225
9	Baba Ramji Das	Sodra, Sunderbani	C/o 9622703009
10	Beli Ram	Nandani Sunderbani	C/o 9797632060
11	Bikham Singh	Hiranagar (Mandi)	C/o 9906981615
12	Behari Lal	Hiranagar (Chann Moria)	C/o 9797616066
13	Shiva Ji	Balot, Ramban	
14	Devi Saran	Balot, Ramban	
15	Bhagwan Dass	Kanthi, Ramban	

जियें देश के लिए, देशहित तिल तिल कर मर जाना सीखें।
असिधारा का व्रत अपना–2 कर, बूंद–बूंद ढल जाना सीखें।

अडिग रहे जो जंजा मे भी ऐसी ज्योति जगाना सीखें।
जननी के पावन चरनों में जीवन–पुशप चढ़ाना सीखें।

The reviews and views of the surviving Praja Parishad Activists of 1953 agitation as well as departed souls through their family members.

एक सच्ची दास्तां

सांजी राम गुप्ता

जो सांजी राम गुप्ता द्वारा 1952–53 दो निशान, दो विधान व दो प्रधान के विरुद्ध में जेल काटते समय जेल में लिखी गई

आज से चालीस वर्ष पहले 24 दिसम्बर, 1952 सर्दियों के दिन डोगरा वीरों की कीमती जानों से एक, भयानक षड्यंत्र रचा गया। एक सौ के लगभग प्रजा परिषद् के सत्याग्रहियों को जम्मू जेल से निकाल श्रीनगर ले जाने के बहाने इन बापू के अनुकर्णीय अहिंसा के पुजारियों ने हिंसा का वह रूप दिखाया, जिसको देख मौत भी काँप गई। पीर पचांल की बर्फ ढकी चोटी पर भयानक बर्फ बारी के मध्य मौत से कशमकश करने के लिए हम को छोड़ दिया। उन दिनों को याद करके आज भी हृदय काँप उठता है। इस विषधारा को नीलकंठ शिवजी महाराज की तरह अपने कंठ में धारण कर हम कैसे जिन्दा रह सके। मेरी इस गाथा में उन तमाम भयानक यातनाओं का जो शेख हकूमत ने हम पर कीं, सविस्तार वर्णन है।

अनेक बार ऐसी किसी बीमारी का पता ही तब चलता है, जब वो विस्फोटक स्तिथि के कग़ार तक पहुँच गई होती है। भारत वर्ष जब स्वतंत्र हुआ, अपना विधान बना, विधान की धारा 370 की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया।जब यह धारा अपना रंग दिखाने लगी, तथ्य और सत्य उस धारा के शिकार होने लगे, तो सब को सोचने पर मजबूर होना पड़ा। शरीर की चेतना सोई नहीं, ऐसा सामने आया। किसी एक अंग की पीड़ा सारे शरीर ने अनुभव की। कहीं हमारे देश के नेता किसी व्यक्ति विशेष को खुश करने के लिए, देश के एक हिस्से को बेच तो नहीं बैठे। ऐसा प्रश्न हर एक के मन को कुरेदने लगा, किन्तु जिसे होंठों से बाहर निकालना अति कठिन था। पर ऐसी बात नहीं, हमारे देश में राष्ट्रहित की कसौटी पर किसी समस्या का हनन करने वालों की कमी नहीं। पंडित प्रेमनाथ डोगरा की पैनी दृष्टि ने यह सब भाँप लिया की कहीं इस विषधारा को मिटाने के लिए देशवासियों को बहुत बड़ी कीमत न चुकानी पड़े। इसी आशंका के समाधान के लिए जम्मू की जनता द्वारा कई बार यह निश्चय पास करके भारत के सर्वे–सर्वा प्रधानमंत्री को भिजवाए कि सैंकड़ों वर्षों की परतंत्रता के बाद असंख्य बलिदान देकर देश स्वतंत्र हुआ है, फिर क्यों परतंत्र बनाया जा रहा है। भिन्न प्रधान, भिन्न निशान, अब हमसे सहन नहीं हो सकते। पर हमारी प्रार्थना को अनसुना कर दिया। परिणाम सामने आया, 17 नवम्बर 1952 को डॉक्टर करण सिंह ने अपने पूज्य पिता महाराजा हरि सिंह की अवहेलना करते हुए राज्यपाल की पदवी ग्रहण कर के राष्ट्र ध्वज के स्थान पर, हलवाला झंडा सरकारी कार्यालय में लहराया।

जम्मू प्रान्त में एकदम हड़ताल हो गई, ऐसी हड़ताल जम्मू प्रांत में कभी नहीं हुई थी। 23 नवम्बर 1952, पंडित प्रेमनाथ डोगरा और पंडित श्याम लाल ने तिरंगा ध्वज हाथ में और राष्ट्रपति बाबू राजेन्द्र प्रसाद की तस्वीर उठाकर, सत्याग्रह का ऐलान कर दिया। पंडित जी को बंदी बनाकर जेल की कोठरी में बंद कर दिया। रियासत के हर कोने में ज्वाला भड़क उठी। गुलाम अपनी जंजीरें तोड़ने और शेख अब्दुल्लाह् के झूठे वायदों को नंगा करने के लिए भड़क उठे। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने तिरंगा ध्वज हाथ में ले स्कूल और कॉलेज का बॉयकाट कर दिया। मजदूरों ने हड़ताल कर दी। किसानों ने अपनी दराती खेतों में फेंकदी, दुकानदारों ने अपनी दुकानों को ताले लगा दिए। मजबूर और लाचार जनता आंधी की तरह उठी, पुलिस ने पकड़–धकड़ शुरू कर दी, लोगों को बंदी–खानों में बंद करना शुरू कर दिया। परन्तु जोश बढ़ता गया, समुद्र के ज्वार–भाटा की तरह रोकने से नहीं रुक सका। तमाम बाँध जो उस के रास्ते में लगाने की कोशिश की, सत्यग्रहियों के सैलाब ने सब तोड़ दिए। पुलिस इस तूफानी सैलाब को रोकने मे ंलाचार हो गई, मदद के लिए चाचा नेहरू के पास गई। पंजाब पुलिस और मिलिशिया के जत्थे जम्मू पुलिस की मदद के लिए आ गए, निहत्थी जनता पर गोलियाँ बरसानी शुरू कर

दीं। हत्यारे हत्याएं करने लगे, मौत का तांडव नृत्य होने लगा। हलवाला लाल झंडा और लाल हो उठा। एक नहीं, दर्जनों नौजवान इस आज़ादी की बलि–बेदी पर कुर्बान होने लगे। सैलाब बढ़ता ही गया, माएँ हँसते–हँसते अपने बेटों को, बहनें अपनें भाइयों की आरती उतार–उतार कर आजादी की बलि–बेदी पर कुर्बान होने के लिए भेज रहीं थीं। नई ब्याहिता लड़कियाँ, अपने सुहाग को खुनी सैलाब में भेज रहीं थीं, देश की इज्ज़त बचाने के लिए अपना सुहाग लुटा रहीं थीं। शिव शंकर का डमरू बज रहा था, घोर तांडव नृत्य हो रहा था। आजादी की देवी दूर खड़ी हो, और कुर्बानियाँ मांग रही थी। 14 दिसंबर को पुलिस की गोली से शहीद हुए मेला राम शम्भ वाले की अस्थियों का जुलूस निकालने का प्रोग्राम बनाने 21 दिसंबर 1952 की एक सर्द–रात में, मैं अपने कुछ साथियों के मध्य प्रोग्राम बना रहा था। प्रोग्राम बनाने के बाद, बद–किस्मती से एक साथी ने दो घंटे आराम करने का विचार किया और कहा, ''एक माह से एक मिनट का समय भी आराम करने को नहीं मिला, दिन भर चलना, रात को चलना, यही हमारा प्रोग्राम है। आज दो घंटे आराम कर लेते हैं, रात अभी बहुत बाकी है, चार बजे से पहले–पहले निकल पड़ेंगे''। पुलिस शिकारी कुत्तों की तरह हमारी तलाश करती रहती थी, हमारी हर एक गतिविधि पर उनकी वक्र–दृष्टि लगी रहती थी। अभी रात के तीन ही बजे होंगे, मकान के चारों तरफ भारी बूटों की आवाज आनी शुरू हो गई, ऐसा लगा की मकान को चारों तरफ से घेरा जा रहा है। दरवाजा खोल, दिवार फाँद, भागने की बहुत कोशिश की, पर कोई रास्ता ना मिला। छत पर पुलिस, गली में पुलिस, मकान के चारों ओर पुलिस, सब के सब पकड़े गए। साइक्लो–स्टाइल मशीन, सभी कागजात, एक दम छिपा दिए गए। पुलिस के हाथ कुछ ना आ सका, सब–इंस्पेक्टर धनराज आज अपनी कामयाबी पर बहुत खुश था। कई रोज से यह चूहे–बिल्ली का खेल जारी था। आज की कार्यवाई में दो सब–इंस्पेक्टर, एक जम्मू का डी.एस.पी., पंजाब का एस.पी., दो सी.आई.डी. अफसर और कम से कम चालीस जवान जम्मू और पंजाब पुलिस के शामिल थे। तमाम घर की तलाशी लेने के बाद, मालिक–मकान पंडित गौरी शंकर को भी हमारे साथ गिरफ्तार किया गया। आज यशपाल भसीन, हंसराज शर्मा, नसीब सिंह, औंकार नाथ शर्मा, कमल सिंह और मुझे हथ–कड़ी लगाकर गाड़ियों में बिठाया गया। अभी सूरज अच्छी तरह से नहीं निकला था, जम्मू सिटी थाना में ले जाकर, हम सब को हवालात में बंद कर दिया। दोपहर दो बजने को आए, ना रोटी ना पानी, बार–बार शोर किया, पर कोई जवाब नहीं। शाम पांच बजे, धनराज सब–इंस्पेक्टर आया और कागज निकाल हम सबको दस्तखत करने को कहा। पहलेरोटी, बाद में दस्तखत, हम ने जवाब दिया, बोला, पैसे निकालो, रोटी मंगवा देता हूँ। अजीब बात है, गिरफ्तार तो आप करें, रोटी हम घर से मँगवाएँ, मगर कोई जवाब नहीं। रात के आठ बज गए। यशपाल भसीन ने दो रूपए जेब से निकाल कर, पुलिसवाले को दिए। दो रूपये में जो मिल सकता था, पुलिसवाले ने लाकर हमको दिया। आधी आधी रोटी खाकर पानी पिया। सर्दी बढ़नी शुरू हो गई। शोर किया हमें कम्बल दो। जवाब दिया, अभी आपका फैसला नही

हुआ, आपको कहाँ रखना है। सुबह से लेकर, रात के दस बजे तक, जब भी पहरे वाला सिपाही बदलता, दूसरे को कहता, गिन लो पुरे सात हैं। मानों हम आदमी नहीं, दुनिया के सात अजूबे हैं। रात दस बजे दरवाजा खुला, हम सबको फिर एक बार हथ–कड़ी लगा गाड़ी में बिठाया गया, गाड़ी सड़क पर दौड़ने लगी। गाड़ी रुकी, देखा हम सब सदर थाना के बाहर खड़े हैं। हम सबको हवालात में बंद कर दिया, सिर्फ चार कम्बल हमको दिए। शोर किया सर्दी बहुत है, सात आदमी हैं और रात कैसे कटेगी, थानेवालों ने चार कम्बल और दे दिए। फर्श जो बर्फ की तरह ठंडा था, तीन कम्बल नीचे बिछाए, हमने सोने की कोशिश की। सब जानते हैं, जम्मू में रात बारह बजे के बाद जबरदस्त हवा चलती है, नींद तो कहाँ आनी थी, रात भर भजन गाते रहे। दूसरे दिन हम को खाना दोनों समय मिल गया। पांच दिन गुजर गए। 27 दिसंबर पता लगा, हमारे बाद तहसील सदर, शिव लाल भी गिरफ्तार किया गया है, उसकी जगह वेद ग्रोवर को तहसील का काम चलाने के लिए भेजा गया। 29 दिसंबर आज पंडित गौरी शंकर को रिहा कर दिया गया। रात के तकरीबन नौ बजे फिर एक बार हवालात का फाटक खुला, एक सब–इंस्पेक्टर ने कहा, एक–एक कम्बल लेकर बाहर आ जाओ। सदर थाना के नीचे चौक में एक सिविल बस खड़ी थी, जिसमें सवार कराया गया। बस बी.सी. रोड की तरफ दौड़ने लगी। थोड़ी देर के बाद बस जम्मू जेल के बाहर रोक दी गई। इससे पहले वहां तीन और गाड़ियाँ खड़ी थीं। जेल का फाटक खुला, कुछ और लोग हमारी बस में सवार कराए गए। बस में रौशनी नहीं थी। बाहर सड़क की स्ट्रीट लाइट से देखा, उन सवार हुए लोगों की शक्लें बिलकुल वन–मानुष सी दिखाई देतीं थीं। सिर के बाल बिखरे, दाड़ियाँ बड़ी हुईं, अजीब ही तरह की शक्लें देखने को आईं। अपनी दादी–अम्मा से जिन भूत–प्रेतों की कहानियाँ सुनी, शायद ऐसे ही होते होंगे। मगर जब आहिस्ता–आहिस्ता आवाजें आने लगीं, तो मालूम हुआ की यह भी हमारी ही तरह मानव हैं। जब बस भर गई, चलने का आर्डर हुआ, ड्राइवर की पास वाली फ्रंट सीट पर एक सब–इंस्पेक्टर और पीछे चार सिपाही बन्दूक लेकर बैठ गए। बस श्रीनगर रोड पर दौड़ने लगी। सारी रात चलते चलते जब बस बनिहाल एम.पी. पोस्ट पर जाकर रुकी, तो एम.पी.पोस्ट वालों ने बस को आगे जाने से रोक दिया क्यूंकि सड़क जगह–जगह टूटने के कारण रास्ता बंद था। थोड़ी देर में वो पीछे आने वाली बसें भी आकर रुक गईं। हवा जोरों से चल रही थी। साथ ही दरिया का पानी पत्थरों से टकरा–टकरा कर भयानक आवाजें निकाल रहा था। हवा का ज़ोर मानों बहुत से शैतान चीख रहे हों। एम.पी. वालों ने किसी हालत में भी गाड़ियाँ आगे नहीं जाने दीं।

30 दिसंबर 1952, जब एम. पी.वालों ने गाड़ियाँ आगे जाने से रोक दीं। प्रभात के लगभग 4 बजे थे, बस की सभी खिड़कियाँ बंद थीं। हवा जोरों से चल रही थी, माना पवन देवता अपनी तमाम शक्तियों के सहित बनिहाल पर कूद पड़े हों। असंभव था इस सर्दी में कोई हाथ बाहर निकाल सके। बस के ड्राइवर से पता चला कि यहाँ बनिहाल में, दिसंबर महीने में हर तीसरे–चौथे रोज ऐसी ही हवा चलती है। यहाँ के लोग इस हवा को खूनी हवा कहते हैं। सब काँप गए, हवा कि साएं–साएं कानों के परदे फाड़ रही थी। इस पर पास बहते हुए दरिया का शोर कब पलट कर गाड़ी दरिया में गिर जाए, भगवान से प्रार्थना करनी शुरू कर दी, आपने कई अवतार धारण किए हैं, मछ–अवतार, नरसिंह–अवतार, राम–अवतार, परशुराम– अवतार, आदि, आज एक और कम्बल–अवतार धारण कर लो। इस खूनी हवा से सब के खून, नाड़ियों मे जमना शुरू हो गए थे, यह जान पड़ता था, सबके दांत एक ही स्वर में बज रहे हैं। प्रार्थना करते–करते सुबह के नौ बज गए। बारह घंटे बस में बैठे–बैठे कमर अकड़ गई, टाँगे दुखने लगीं, पुलिस किसी भी हालत में बाहर निकलने नहीं देती थी। बहुत मिन्नत– खुशामद के बाद एक–एक करके बन्दूक के साये तले बाहर पेशाब करने की इज़ाजत मिली। लगभग 12 बजे सूरज निकला। धुंध के पर्दे को फाड़ भगवान् भास्कर ने चारों ओर रोशनी फैला दी। खून जो नाड़ियों में जम गया था, सूरज की गर्मी से गर्म होकर फिर नाड़ियों में दौड़ने लगा। पुलिस आफिसर से कहा, हमें शौच के लिए बाहिर निकाला जाए। दो–दो आदमियों को हथकड़ी में जकड़ एक सिपाही बन्दूक ताने दरया के किनारे ले जाता और कहता शौच आदि से फारिग़ हो जाओ। यह सब कैसे होगा, थोड़ा दूर हटकर खड़े हो जाओ। एक तो हवा का जोर, दूसरी तुम्हारी गोलियों से भरी हुई बन्दूक। अगर कहीं गलती से घोड़ा दब गया या हवा से तुम्हारे पाँव हिल गए तो क्या होगा। मैंने जरा भी ढील दी तो तुम भाग जाओगे, सिपाही ने कहा। भागना ही होता तो खुशी–खुशी जेल क्यों आते, मैंने जबाव दिया। बाहर निकलने से यह जान पड़ा कि और भी बहुत से साथी कश्मीर ले जाए जा रहे हैं। एक बजे दोपहर सब–इन्स्पैक्टर पुलिस और इन्स्पैक्टर बदरूद्दीन होटल से खाना खाकर आते दिखाई दिए। हमने शोर मचाया, हम भी आदमी हैं, लोहे की मशीन नहीं, हमें भी भूख लगती है। दूसरी गाड़ियों के इन्स्पैक्टरों ने कुछ निश्चय किया और कहा, हमारे पास पैसे नहीं और दूसरे इन सर्दियों में यहाँ कोई होटल भी खुला नहीं होता। आपको शायद याद होगा, उन दिनों गाड़ियाँ वही पुराने टनल से गुजरती थीं जोकि बहुत ऊँचाई पर था। सड़क पर पाँच–पाँच फुट बर्फ जम जाती थी। होटल बन्द रहते थे। इन्स्पैक्टर ने कहा, यहाँ सिर्फ एक ढ़ाबा खुला है। उसके पास भी इतना राशन नहीं कि इतने आदमियों को खाना खिला सके। अभी 2–3 घण्टें बाद रास्ता खुल जाएगा फिर आपको पीर पचांल के पार काजी कुंड में खाना खिलाएंगें। मिलिट्री पोस्ट (M.P.) वालों ने कहा, आज रास्ता खुलने की कोई आशा नहीं। अब इन्स्पैक्टर के पास टालने का कोई बहाना न रहा।

कहा, ढाबे वाले से पता करता हूँ, शायद कोई इन्तज़ाम हो जाए। बच्चों की तरह हमें बहलाने की कोशिश करने लगा। मगर भूख खिलौनों से नहीं, रोटी से मिटती है। शाम के सात बज गए। कहीं से मक्की का आटा लाया गया। ढ़ाबे पर जाकर हमारे ही आदमियों ने मक्की की रोटी और आलू की सब्जी बनाई। हर एक को आधी–आधी रोटी खाने को मिल गई। रात के नौ बज गए हमने कहा, 24 घंटे हमें बस में बैठे हो गए, अब हम रात गाड़ी में नहीं काटेंगें। इन्स्पैक्टर ने बाज़ार में दो दुकाने, जो खाली पड़ी थी, वो खुलवाई। गाड़ियों से निकाल, भेड़ बकरियों की तरह हमें दुकान में बन्द करके बाहर से ताले लगा दिए। दुकान 12 फुट लम्बी और 9 फुट चौड़ी थी। एक–एक दुकान में 32–32 आदमी जबरदस्ती भर दिए गए। न ही हम बैठ सकते थे और न ही लेट सकते थे, कब तक आहिस्ता–आहिस्ता लेटना शुरू कर दिया। किसी की टाँग किसी के सिर पर, किसी का पेट किसी के सिर पर। अरे, मेरी टाँग टूट गई, मेरा सिर कौन दबा रहा है, अंधेरें की वजह से कुछ दिखाई नहीं देता था पर ऐसी आवाज़ें आ रही थी। इसी तरह सारी रात उस ब्लैक–होल में कट गई। पर अन्तर यह था कि वो घटना गर्मियों में घटी थी और यह सर्दियों में। पर इससे एक फायदा जरूर हुआ। इस कड़ाके की सर्दी में भी हम सब के सब जिन्दा बच गए। बाहर आवाजें आने लगीं। हवा उसी तरह जोरों से चल रही है। शोर करने पर दरवाजा खुला। आज 31 दिसम्बर है। बारी–बारी इसी तरह बन्दूक के साए तले हमें दरया के किनारे शौच आदि के लिए ले जाया गया। दोपहर के 12 बज गए। इन्स्पैक्टर आया, आकर बोला, अभी–अभी टैलीफोन करके आया हूँ। रास्ता खुल जाएगा, आपको पार काजीकुंड में खाना खिलाएंगें। इसी तरह दिलासा देने लगा। तीन बज गए। हमने खाने के लिए शोर मचाया। बोला मेरे पास पैसे नहीं, मैं कहाँ से खाने का इन्तज़ाम करूँ। कुछ प्राईवेट बसें और ट्रक वहाँ रूके हुए थे। उनमें कुछ जम्मू के ड्राइवर भी थे। जब इन्हें पता चला कि जम्मू के सत्याग्रही परसों से भूखे हैं, उन्हें खाने को कुछ नहीं मिला। उन्होंने चन्दा जमा किया। हर एक को एक–एक प्याला कहवा और एक–एक रस खाने को मिल गया। इन्स्पैक्टर ने आशा नहीं छोड़ी और कहा कि मुझे बख्शी–गुलाम मुहम्मद् का टैलीफोन आया है कि इन कैदियों को हर हाल में श्रीनगर पहुँचाना है। वो फिर M.P. वालों के पास गया, उन्होंने साफ जवाब दे दिया, रास्ता खुलने की कोई आशा नहीं। श्रीनगर से एक बस आ रही थी, वो पीर–पंचाल पहाड़ी पर बर्फ में फँस गई। दो आदमी वहीं मर गए। बाकी सवारियों को बड़ी मुश्किल से M.P. वालों ने निकाला। गाड़ी 5–6 फुट बर्फ में दब गई है, इस सीज़न तो गाड़ी के निकलने की कोई आशा नहीं। इतनी देर में सब इन्स्पैक्टर आया और बोला, रास्ता खुला गया है। झट गाड़ियों में सवार हो जाओ। शाम के लगभग पाँच बज गए। अँधेरा आहिस्ता–आहिस्ता घना होता जा रहा था। हमनें जोर से कहा, इस अँधेरी, तुफानी और खतरनाक सड़क पर हम सफर बिल्कुल नहीं करेंगे। यदि हमें पार ले जाना ही है तो कल सुबह। इस समय हम किसी हालत में भी सफर नहीं करेंगे। अभी यह वार्तालाप चल रहा था कि सामने वाली पहाड़ी की ओर संकेत करते हुए किसी ने कहा, वो देखो महावीर जी की

सेना आ रही है। खुशी हुई कि शायद रावण की राक्षसी सेना को मारने के लिए हनुमान जी अपनी सेना लेकर आ रहे हैं। हम सब उस तरफ देखने लगे। पास आने पर देखा, यह हनुमान की सेना नहीं परन्तु हमारी ही तरह इन दुष्टों के चँगुल में फँसे उधमपुर के सियासी कैदी हैं। जेल के कम्बल न होने के कारण उनको हस्पताल के लाल कम्बल दिए गए थे। इसी कारण यह दूर से हनुमान जी की सेना दिखाई देती थी। यह गिनती में 29 थे। उनको जबरदस्ती एक ट्रक में बिठाकर यहाँ श्रीनगर ले जाने के लिए लाया गया था और शायद रात किसी बकर वाल के तवेला में उस पहाड़ी पर उनको रखा गया था। उनको ज़ोर से ट्रक में बिठाकर ड्राइवर से ट्रक चलाने को कहा। ड्राइवर ने जो शायद जम्मू का हिन्दू था, इस रात के अंधेरे में ट्रक चलाने से इन्कार कर दिया। उसको धक्के मार कर बाहिर निकाल दिया और एक कश्मीरी मुसलमान ड्राइवर को ट्रक पर बिठा, ट्रक M.P. पोस्ट पर जाकर खड़ा कर दिया। पुलिस ने हमारे इर्द–गिर्द हो, पिस्तोल–बन्दूकें हाथ में लेकर कहा, पाँच मिनट के अन्दर गाड़ियों में सवार हो जाओ। हम सब ने आँखों ही आँखों में इशारा करके फैसला ले लिया। झट ज़मीन पर लेटकर जोर से एक दूसरे की कमर पकड़ ली और कहा, यदि हमें मारना ही है तो गोलियों से मारो, बर्फ पर मरने को हम तैयार नहीं। हमनें ज़ोर–ज़ोर से नारे लगाने शुरू कर दिए। उधर जो ट्रक उधमपुर के कैदियों को लेकर M.P. पोस्ट पर खड़ा था वो लोग भी ट्रक से कूद एक दूसरे की कमर को मज़बूती से पकड़ जमीन पर लेट गए।

पुलिस जब हमें बसों में बिठाने में नाकाम हो गई तो बदरूद्दीन इन्स्पैक्टर मिलट्री वालों के पास गया और कहा, जम्मू जेल से कैदियों को श्रीनगर ले जा रहे हैं लेकिन ये भागने की कोशिश कर रहे हैं। मिलट्री कर्नल ने एकदम जवानों को हुकम दिया। उन्होने बन्दुकें और स्टेनगनें लेकर हमारे इर्द–गिर्द घेरा डाल लिया। कर्नल साहब ने जोरदार आवाज से कहा, यदि किसी भी कैदी ने हिलने की कोशिश की तो गोलियों से भून दिया जाएगा। देश राज उधमपुर वाले ने हालात देखते हुए सफेद रूमाल हिलाकर पेट के बल धीरे–धीरे कर्नल तक पहुँच गया और कहा, "श्रीमान् हम चोर, डाकू या कातिल नहीं।" सियासी कैदी हैं। इसी वक्त हमने जोर से भारत माता का नारा लगाया। कर्नल शायद हरियाणा का जाट था। भारत माता का नारा सुनकर सोचने लगा। देशराज ने फिर कर्नल से कहा, "हमें श्रीनगर जाने में कोई इन्कार नहीं पर रात सिर पर आ गई, मौसम खराब, तुफानी हवा चल रही है। हम यह चाहते हैं, रात के बजाय हमें दिन में ले जाया जाए। अभी–अभी जो बस पीर पंचाल में फँस गई थी और दो लोग मर गए और बाकी के लोगों को आपके जवानों ने बचाया तो हमारा क्या होगा।" अफसर सारी बात समझ गया। उसने इन्स्पैक्टर बदरूद्दीन से कहा, आपको इस भयानक मौसम और तुफानी रात में सफर नहीं करना चाहिए। क्या मालूम कब बर्फ का तौदा सड़क पर आ जाए, न आप इधर के रहेंगे न उधर के। बेहतर यही है कि सफर दिन को किया जाए। पुलिस वालों पर मिलट्री अफसर की बात का कोई असर न हुआ। जोर जबरदस्ती उठा उठाकर गाड़ियों में सवार करने की कोशिश की जाने लगी। मिलट्री अफसर को गुस्सा आ गया। अपने जवानों को हुक्म दिया। मैं इन लोगो की जिन्दगियों से कभी खेलने नहीं दूँगा। जिन बन्दूकों और स्टेगनों के मुँह हमारी तरफ थे वो पुलिस की तरफ घूम गए। और कहा, अगर तुम लोगों ने ज़ोर–जबरदस्ती कैदियों को गाड़ी में बिठाने की कोशिश की तो मेरे जवान सब पुलिस वालों को भून के रख देगें। पुलिस वालों की नानी मर गई। आर्डर कैंसिल हुआ।

हम सबको फिर उन्हीं दुकानों में बन्द कर दिया और उधमपुर वालों को फिर उसी पहाड़ी पर किसी बकरवाल के कोठे में बन्द कर दिया। आज दिन भर किसी के मुहँ में खाना तो दूर, पानी की एक बूँद न गई। पहली जनवरी, 1953, दरवाज़ों से जब दिन की रोशनी नज़र आने लगी तो देखा रातभर जबरदस्त बर्फ पड़ती रही। हवा बिल्कुल बन्द है। मौसम भी आज ठण्डा नहीं है। पुलिस वालों को दरवाजे खोलने के लिए आज बर्फ को हटाना पड़ा। हर तरफ तीन–तीन फुट बर्फ जम गई थी। सबके दिल खुशी से नाच उठे। शेख की इच्छा हमें श्रीनगर ले जाने की पूरी न हो सकी। हालाकिं पेट में ज्वाला, भूख की वजह से भड़क रही थी पर आज किसी की भूख की चिन्ता नहीं थी। बर्फ के गोले बना–बना कर खुशी से नाच रहे थे। पुलिस वाले भीगी बिल्ली बने देख रहे

थे। न जाने यह डोगरे किस मिट्टी के बने हैं जो आज तीन दिन से भूखे प्यासे हँस खेल रहे हैं। यह भागने वाले नहीं हो सकते पुलिस वाले ने सोचा। दोपहर बारह बज गए। हमनें शेख बदरूद्दीन इन्स्पैक्टर से कहा, बर्फ से तो तुम हमें मार नहीं सके। अब क्या भूखे मारने की मर्जी है। बदरूद्दीन इन्स्पैक्टर जो बात–बात पर पिस्तौल निकाल लिया करता था, हाथ जोड़ नम्रता की मूर्ति बन कर बोला, खुदा की कसम में इतना जालिम नहीं जितना आप समझ रहे हैं। मगर मेरे पास पैसे नहीं हैं। अगर आप में से किसी के पास हों, खर्च कर लो। मैं सरकार से लेकर वापिस कर दूँगा।

संतराम बडु एडवोकेट की जेब से 35रू. निकल आए। आज फिर सबको एक–एक प्याला कहवा और एक–एक रस खाने को मिला। रात फिर सिर पर आ रही थी। एक प्याला कहवा और रस ने जलती पर तेल का काम किया। पूरे 72 घंटे हमें खाना खाए हो गए। उसी तरह फिर 32–32 आदमियों को उन्हीं दुकानों में बन्द कर दिया। रात भर बर्फ पड़ती रही। सवेरे हर तरफ पाँच–पाँच फुट बर्फ जम गई। दरवाजे खोलने के लिए बड़ी मुश्किल से बर्फ हटाई गई आज फिर जम्मू के ड्राइवरों ने चन्दा जमा करके पुलिस की इजाजत लेकर हमें थोड़ा–थोड़ा गुड़ और चने खाने को दिए। वहाँ का जैलदार पुलिस इन्स्पैक्टर से आकर मिला और कहा, अब तीन चार महीने रास्ता खुलने की आशा नहीं। अच्छा हो अब इन कैदियों को कहीं और रखा जाए। यहाँ बाज़ार में रखने से हिन्दुओं में तरह–तरह की बातें फैल रही हैं और यह ड्राइवर जम्मू जाकर सरकार के खिलाफ कितना प्रचार करेंगें। थोड़ी देर विचार करने के बाद हमें फिर गाड़ियों में बिठाया गया। गाड़ियों का मुँह जम्मू की तरफ देख हम खुशी से बैठ गए। थोड़ा सा आगे जाकर सरकारी डाक बंगला में हमें ले जाया गया। थोड़ी देर के बाद उधमपुर के सत्याग्रही भी वहाँ लाए गए। कुल मिला कर हम लोग 93 हो गए। रोटी तो कहाँ मिलनी थी। एक दूसरे की दास्तान सुनकर रात काटी। तीन जनवरी, दिन आया, दोपहर आई। शोर किया। मगर खाने का कोई नाम नहीं। दूसरे दिन दो बजे मक्की का आटा और आलू लाकर दिये और कहा, रोटी बना लो। शाम पाँच बजे लक्ष्मी दास हीरानगर वाला बेहोश हो गया। भूख बर्दाशत न करने के कारण कमज़ोरी से बेहोश हो गया था। बड़ी मुश्किल से उसको होश में लाया गया तो बन्सीलाल अखनूर वाला बेहोश हो गया। जगदीश चन्द्र जम्मू वाले की हालत पहले ही बहुत कमज़ोर थी। यह सब भूख के कारण हो रहा था। रात ग्यारह बजे जो हमारे साथी खाना बना रहे थे, उन्होंने आकर कहा खाना खा लो। पूरे पाँच दिन के बाद हमें आज भरपेट खाना नसीब हुआ। कुछ आदमी ज्यादा खा गए, वो बीमार हो गए। उसी वक्त हमने इन्स्पैक्टर को बुलाकर कहा यदि हमें 12 घण्टे के अन्दर–अन्दर जम्मू नहीं ले जाया गया, तो हम भूख हड़ताल कर देगें। चार जनवरी, आज बर्फ बन्द है। हवा का जोर है। दो बज गए पर खाने का कोई इन्तज़ाम नहीं। अपने प्रण के मुताबिक ठाकुर बसन्त सिंह, प्रधान तहसील जम्मू जिसको सब

त्यागी बाबा कहते थे, भूख हड़ताल पर बैठ गया। पुलिस वालों ने हर तरह से कोशिश की पर यह बूढ़ा जिसकी उमर 65 साल के करीब थी, कमरे से, बाहर आकर बरामदे में आसन लगा कर बैठ गया। सिवाए एक धोती के उसके जिस्म पर कोई कपड़ा नहीं था। कम्बल भी उसने दूर फेंक दिया। कड़ाके की सर्दी में वो बाहिर आकर बैठ गया। उसने अपने जिस्म के तमाम वस्त्र 1947 में उतार कर इसलिए फेंक दिए कि जबतक मेरे रिफ्यूजी भाइयों को हर तरह आबाद नहीं किया जाता, मैं सिवाए धोती और लंगोटी के कुछ नहीं पहनूँगा। यह देवा बटाला का रहने वाला था और वो इलाका पाकिस्तान के कब्जे में चला गया था। सब लोग उसे त्यागी बाबा कहकर बुलाते थे।

हड्डियों का ढाँचा बिल्कुल दुर्वासा ऋषि का अवतार मालूम होता था। बदरूद्दीन ने सोचा, कहीं यह बूढ़ा हमारे सिर चढ़ कर प्राण न त्याग दे। भागा–भागा टेलीफोन करने गया पर जम्मू से कोई जवाब नहीं आया। रात थोड़ी सी रोटियाँ लाई गई। हर एक के हिस्से में थोड़ी–थोड़ी रोटी आई। हम सब अपने–अपने कमरे में कम्बल लपेट कर बैठे रहे। 5 जनवरी, बाहर जाकर बरामदे में देखा, कहीं बूढ़ा है या उसके प्राण निकल गए। आज और दो साथी भूख हड़ताली बाबा के साथ बैठ गए। आज शाम को सबको एक–एक रोटी खाने को मिल गई और इन तीन भूख हड़तालियों की एक–एक रोटी को भी हमनें बाँट कर खा लिया। छः जनवरी, आज चार और नए साथी भी भूख हड़ताल पर बैठ गए। न मालूम कौन सी ईश्वरी ताकत इस सर्दी और भूख में हमें जिन्दा रख रही थी।

पुलिस इन्स्पैक्टर भूख हड़तालियों को देखकर घबराया। बार–बार जम्मू टेलीफोन करता, पर यही जवाब मिलता, इनको जम्मू किसी भी कीमत पर न लाया जाए। सात तारीख, अभी हम एक–एक रोटी हाथ पर रखकर खा ही रहे थे क्योंकि वहाँ पर बर्तन तो थे नहीं, हाथ पर रोटी रखकर और हाथ से ही नल पर जाकर पानी पी लिया करते थे। बदरूद्दीन इन्स्पैक्टर ने आ कर कहा, आप लोग जीत गए। सब भूख हड़तालियों सहित खाना खाकर गाड़ियों में बैठ जाओ, आपको जम्मू वापस ले आने का हुक्म मिल गया है। तकरीबन छः बजे शाम बनिहाल से जम्मू की तरफ चलनेलगे। जब बटौत और कुद को पार करके अभी उधमपुर से 12मील पीछे ही थे कि सड़क के बीच एक कार खड़ी दिखाई दी। गाड़ियाँ रूक गई। सबसे आगे वाली गाड़ी में मैं भी बैठा था। देखा सुपरिंटेंडेंट (S.P.) पुलिस कैलाश नाथ भाखड़ी ने बदरूद्दीन इन्स्पैक्टर से कहा, किसने आपको कैदी जम्मू ले जाने के लिए कहा है। गाड़ियाँ वापिस करो। रात के तकरीबन एक बजे का समय था।

जब कैलाश नाथ भाखड़ी सुपरिंटैंडेंट (एस. पी.) ने आदेश दिया कि गाड़ियाँ वापिस करो, हम ने यह जाना कि हमारी भूख हड़ताल खत्म करने के लिए सरकार ने यह चाल चली है। गाड़ियों को फिर श्रीनगर की तरफ मोड़ दिया गया। कुद के डाक–बंगला में हम सब को ले जाकर बन्द कर दिया गया। आज दिन भर हमें खाने को कुछ नहीं मिला। रात दो बजे शोर मचाने पर पुलिस वालों ने हमें मक्की का आटा ला कर दिया और कहा, रोटी पकाओ और खाओ। पंडित जोध राम तहसील रणवीर सिंह पुरा, सर्वश्री विद्यासागर और कृश्ण चंद जम्मू वाले मिल कर रोटी बनाने लगे। बाकी तमाम दो–दो तीन–तीन मिल कर अपने कम्बल जोड़ सोने की कोशिश करने लगे। रात के तकरीबन पाँच बजे रोटी बनाने वालों ने आकर कहा, रोटी तैयार है। हर एक के हिस्से में एक–एक रोटी आई। रोटी खाकर पानी पिया। कुछ साथियों ने कहा, न दिन न रात। दिन निकलने पर रोटी खाएंगें। अपनी–अपनी रोटी सिराहने रखकर सो गए। दिन निकलने पर वो दोस्त जिन्होंने रात को रोटी नहीं खाई थी, खाने लगे।

संत राम बड़ू की रोटी रात चुराकर कोई खा गया था। बड़ू साहब सब का मुहँ देखने लगे, बोले, "यदि मैं रात ही रोटी खा लेता तो अच्छा था।" सब साथी बड़ू साहब की हँसी उड़ाने लगे। पर जिन लोगों ने रात को रोटी नहीं खाई थी, उन्होंने एक–एक टुकड़ा उनको दिया। सूखे टुकड़े को अमृत जान बड़ू साहब ने खाया और पानी पिया। आप यह पढ़ कर हँसेगें पर जिन लोगों को भूख से वास्ता पड़ता है, उन लोगों को पता होता है कि भूख क्या चीज़ होती है। भूख इंसान को इंसान नहीं रहने देती। दोपहर को हमें रोटी के साथ सब्जी भी मिल गई। मानों कि आज हम अमीर हो गए। कुद के डाक बंगला में कुछ दिन रहने के बाद एक दिन कैलाश नाथ भाखड़ी सुपरिंटैंडेंट पुलिस आया, बारी–बारी कुछ साथियों को एक जुदा कमरे में बुला कर कहा, इस कागज़ पर हस्ताक्षर कर दो आपको वापिस जम्मू अपने घर भेज दिया जाएगा यदि आप हस्ताक्षर नहीं करेंगे तो आपको फिर पीर–पंचाल की चोटी पर ले जाया जाएगा। वो तो M.P. वालो ने आपकी जान बचाली नहीं तो आज सब तुम मर खप गए होते। पर उसकी साम, दाम, दण्ड, भेद कोई नीति कामयाब न हो सकी। गुस्से में आकर बोला, सब लोग अपनी–अपनी गाड़ियों में बैठ जाओ।

हम ने कहा, हम श्रीनगर या बनिहाल नहीं जाएंगें। हम गर्म प्रान्त के रहने वाले हैं। हमें कठुआ, हीरानगर, रियासी, पुँछ, जम्मू, उधमपुर किसी भी जेल में ले चलो। हम श्रीनगर की ओर नहीं जाएंगें। इतना कह, बनिहाल की तरह जमीन पर एक दूसरे की कमर पकड़ कर लेट गए। इसी समय लक्ष्मी चन्द्र हीरा नगर वाला बेहोश हो गया। उसकी दशा देख एस. पी. घबरा कर कुद से डाक्टर को बुला लाया। डाक्टर ने आकर लक्ष्मी चन्द को देखा और कहा, भूख और सर्दी के कारण यह बेहोश हुआ है। इसकी हालत ठीक नहीं, इसको अच्छी खुराक और दवा

की जरूरत है। इस हालत में यह मर भी सकता है। भाखड़ी घबरा गया। पुलिस जीप में डाल कर लक्ष्मी चन्द को जम्मू भेज दिया। पता नहीं, उसके बाद उस पर क्या बीती। शाम पाँच बजे एस. पी. ने आकर कहा, जम्मू से इजाज़त मिल गई है, आपको जम्मू ले जाया जाएगा। हम झट गाड़ियों में सवार हो गए, यह भी भूल गए कि हम ने कल से खाना नहीं खाया है। गाड़ियाँ कुद डाक बंगला से जम्मू की ओर थोड़ा आगे जाकर फिर घुमकर श्रीनगर की तरफ दौड़ने लगी। एक दम सब नारे लगाने लगे और खिड़कियाँ खोल कूदने की कोशिश करने लगे। बाहर सड़क पर दोनों तरफ जम्मू–कश्मीर मिलिशिया के जवान बदूंकें ताने खड़े थे। उनके कमांडर ने जोरदार आवाज़ में कहा, यदि किसी ने ड्राइवर को रोकने या खिड़की से कूदने की हिम्मत की तो गोलियों से भून दिया जाएगा। डर कर हम अपनी–अपनी सीट पर बैठ गए और आने वाले संकट का सामना करने के लिए तैयार होने लगे। कुदरत हमें घुमा फिरा कर फिर बनिहाल डाक बंगला ले आई। दो–दो, तीन–तीन साथी अपने–अपने कम्बल जोड़ सर्दी से ठिठुरते–काँपते रात काटी। दूसरे दिन शिवलाल तहसील प्रधान रणवीर सिंह पुरा एक फीकी तरह की हँसी हसँकर बोला, हम भी अजीब तरह के कैदी हैं। जिन की जेल दस रोज से बसों और डाक बंगलों में बनी है। ऐसा जान पड़ता है हम कैदी नही किसी उजड़ी नगरी के नवाब हैं। भूखे पेट, कड़कड़ाती सर्दी में सैर को निकले हैं।

8 जनवरी सुबह देखा, एक सरदार हाथ में डण्डा लिए आ गया। उसके पीछे झांझरों की आवाज़ करते डरावनी शक्ल वाले चार पाँच आदमी जिनके पाँव में बेड़ियाँ थीं, आ गए। एक ने सर पर बोरी उठा रखी थी धरती पर रखी। सरदार ने गर्ज़दार आवाज में कहा, सब लोग आकर एक–एक बाटी और एक–एक डिब्बा ले लो। जान पड़ा, यह कोई जेल का अफसर है। जिसका नाम जसवंत सिंह डिप्टी दारोग़ा है। बाटी और डिब्बा लेकर धोया और हुक्म हुआ, सब लोग एक लाइन में बैठ जाओ और रोटी ले लो। रोटी का नाम सुनकर सबके चेहरों पर रौनक आ गई। आज ठीक बारह दिन बाद सबको भर पेट रोटी मिली। रोटी खाने के बाद हमें पाँच–पाँच कम्बल और मिल गए। हमारे पास अब छः–छः कम्बल हो गए। सब एक दूसरे को मुबारक देने लगे। आज भी हवा उसी तरह जोरों से चल रही है। दरया का पानी उसी तरह टकरा–टकरा कर शोर कर रहा है पर न तो आज हम पर सर्दी का, न ही तुफानी हवा का कोई डर है। पर पिछले बारह दिन जो हमने गुज़ारे और जिन्दा रहे, मरण प्रयंत भी हमको वो दिन नहीं भूल सकते हैं। आज भी जब उन दिनों की याद आती है, कलेजा काँप जाता है। य़दि कहीं भगवान् है, न ही हम और न ही हमारा भगवान् इस हकूमत को माफ करेगा। कोई ईश्वरी शक्ति ही हमें इस मौत के मुँह से जिन्दा निकाल ले आई। खैर, आज शाम सबको दो–दो रोटियाँ सब्जी के साथ खाने को मिल गई। रात कहानियाँ कहते सुनते कब नींद आ गई, पता ही नहीं चला। 9 जनवरी, सुबह उठने पर देखा हवा उसी तरह जोरों से चल रही है। पर आज हमें न हवा की, न खाने की चिन्ता है। 10 जनवरी, हवा बन्द है। मैदान में निकल कर

थोड़े से चक्कर लगाए।

11 जनवरी, सुबह खाना खाने के बाद आर्डर हुआ, सब अपने–अपने कम्बल, बाटी लेकर नीचे आ जाओ। आकर देखा वही गाड़ियाँ खड़ी थी। हम सब गाड़ियों में बैठ गए। गाड़ियाँ यात्रियों को नहीं बल्कि जेल यात्रियों को बिठाकर चल दी। सोचा, पता नहीं हमारा ठिकाना कहाँ है। गाड़ियाँ टोल–पोस्ट पर आकर रूक गई। आदेश हुआ सब गाड़ियों से नीचे आ जाओ। सड़क के साथ–साथ एक दरया बह रहा था, उस पर एक लकड़ी का पुल था। जिसको पार करके सामने वाली पहाड़ी पर हमको ले जाया गया। वहाँ पर तीन बड़े–बड़े हालनुमा कमरे थे। पता लगा, यहाँ भेड़ों को पाला जाता था। हमारे लिए वहाँ जेल बनाई गई। अब भेड़ों की जगह हमको पाला जाएगा। दो कमरों में हमारे साथियों ने अपने–अपने बिस्तर जमा दिए। एक कमरे में जेल और पुलिस स्टॉफ ने डेरे डाल दिए। साथ ही एक छोटा सा कमरा था। वहाँ पर हमारा लंगर बनाया गया। शाम पाँच बजे हमें खाना मिल गया। आदेश हुआ जिस–जिस ने पैशाव बगैरा करना हो कर लो, फिर सुबह तक दरवाज़े नहीं खुलेंगें। रात दस बजे बंसी लाल अखनूर वाला बेहोश हो गया। शोर करने पर जेल स्टॉफ का एक हवालदार बली मुहम्मद दो सिपाहियों को लेकर अन्दर आया। बंसी लाल की हालत देख भागा–भागा बनिहाल शहर से किसी डाक्टर को बुला लाया। डाक्टर ने दवाई दी, थोड़ी देर बाद बंसीलाल को होश आ गया। 12 जनवरी, डिप्टी दारोगा सरदार जसवंत सिंह से कहा कि डायरेक्टर जेल कर्नल राम नाथ चोपड़ा को यहाँ बुलवाया जाए। हम श्रीनगर जेल की तरह चाय और कांगड़ी चाहते हैं। यदि आज शाम तक कर्नल चोपड़ा नहीं आया तो हम शाम का खाना नहीं खाएंगे। न ही कर्नल चोपड़ा आया और न ही हमने शाम का खाना खाया। 13 जनवरी, आज किसी ने कहा, लोहड़ी का त्यौहार है। जेल में लोहड़ी, बैसाखी, दिवाली का क्या काम। हम तो भूल ही चुके थे कि कोई त्यौहार भी होता है। हमें तो भूख और सर्दी ही याद थी। पौराणिक कथा के आधार पर सूरज दक्षिण से उत्तरायन में आता है। तमाम शुभ कार्य आरम्भ किए जाते हैं। महाभारत के युग में जब भीष्म पितामह अर्जुन के बाणों से घायल हो गए। अपने पिता के वरदान के कारण इच्छा मृत्यु होते हुए बाणों की शैय्या पर पड़े उत्तरायन के दिन ही उन्होंने प्राण त्यागे। एक और कथा प्रचलित है कि लोहिता नाम की एक राक्षसी थी, वो बच्चों को उठाकर ले जाती थी। लोगों ने एक जगह बहुत सी लकड़ियाँ लेकर जलाई और साथ में बच्चों को इकट्ठा कर लिया। जब वो बच्चों को लेने आई तो लोगों ने उन्हीं लकड़ियों से मार–मार कर उसका वध कर दिया। सो आज लोहड़ी है। कई रोज़ बाद आज धूप निकली। सब अपने–अपने कम्बल उठाकर बाहर धूप में बैठ गए। और लगे जुऐं मारने का मुकाबला करने। सब के जिस्म और कपड़ों में जुएँ मानों बाप–दादा का घर समझ घुड़ दौड़ करती रहती थी। हँसते–जाते और पूछते तुमने कितनी मारी। इसी तरह हमने लोहड़ी का त्यौहार मनाया।

14 जनवरी, आज उत्तरायन है। हिन्दू समाज में आज के दिन नहाना शुभ माना जाता है। कहा जाता है, जो आज के दिन नहीं नहाता वो अगले जन्म में बौना बनता है। बनता होगा, अगला जन्म किसने देखा है। आज पूरे एक महीने के बाद सब को पुलिस के घेरे में नहाने को कहा गया। नहाना तो किसी ने क्या था बड़ी मुश्किल से उस बर्फानी पानी में अपने जिस्म को गीला किया। जिसने एक ही डुबकी लगाई उसको ज़मीन आसमान घूमते नजर आने लगे। 15 और 16 जनवरी बगैर किसी खास बात के गुज़र गए। 17 जनवरी आज फिर बर्फ पड़ना शुरू हो गई। कमरों से बाहर निकलना बन्द हो गया। 19 जनवरी, आज बर्फ पड़नी बन्द है पर खूनी हवा चलनी शुरू हो गई। 22 जनवरी, आज हवा तो बन्द है पर बर्फ पड़नी शुरू हो गई। चार–चार फुट बर्फ जमने से दरवाज़े बन्द हो गए। सरदार जसवंत सिंह ने कहा। अगर आप बाहर शौच आदि के लिए जाना चाहते हैं तो बर्फ हटाने के काम में लग जाओ। बर्फ हटाने की वजह से हाथ–पाँव फट गए। रोते थे, बिलखते थे पर फरियाद सुनने वाला कोई नहीं था। 24 जनवरी, बर्फ बन्द तो खूनी हवा का जोर। लहू अंतड़ियों में जमना शुरू हो गया। 26 जनवरी, हमारे देश में सैंकड़ो, नहीं हज़ारों सालों से 26 जनवरी आई और बीत गई। यह चक्कर इसी तरह चलता आया है। भारत माँ ने कितनी बार 26 जनवरी देखी पर 1930 की जनवरी एक नया संदेश, नया हौसला, नया जोश लेकर आई। जिसने लोगों में नया जज़्बा, नई हिम्मत, नई जुर्रत पैदा की।

इस दिन के प्रण को पूरा करने के लिए सैंकड़ो नौजवानों ने अपने खून की होली खेली। 1857 में सबसे पहले भारत माँ के सपूतों ने जंगे आज़ादी का बिगुल बजाया। आखिरी मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर के झंडे तले भारत वासियों ने अंग्रेजी सम्राज्य के खिलाफ बगावत का झंडा लहराया। यह बगावत मध्य हिन्द से शुरू होकर सारे देश में फैल गई। इस जंग के हीरो झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, तात्यांटोपे और पेशवा वीर नाना साहब फरनबीस थे। रानी झाँसी लड़ते–लड़ते वीरगति को प्राप्त हुई। उनकी हार के पीछे 1757 की तरह किसी जयचन्द का हाथ था। हर युग में, हार कल में जयचन्द, अमीचन्द, मानसिंह, अमीर दुर्लभ राय जैसे लोग पैदा होते रहते हैं। मगर विजय की कहानी से उज्जवल इतिहास बनता है, चौहानों, मराठो, सुराजुद्दौला और महाराणा प्रताप जैसे शूरवीरों से। आखिर इन को विजय मिले न मिले पर विजय श्री इन्हीं को मिलती है। ऐसे ही लोगों के कारण 1857 की जंगे आज़ादी दबा दी गई। भारत अग्रेज़ों का गुलाम हो गया। समय बीतता गया, हम भूल गए कि हम कभी आज़ाद भी थे। ज़माना तेज़ी से आगे बढ़ा पर सोए हुए शेर ने फिर अंगड़ाई ली। स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, सर सैयद अहमद खान, श्री बैनर्जी जैसे लोगों ने देश की दुर्दशा देखी। घर–घर जाकर लोगों को जगाया। शेर दहाड़ उठा। अंग्रेज़ काँप गया।

बगांल के दो टुकड़े कर दिए। लोगों ने इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। सैंकड़ों की तादाद में पजांब के जवानों ने सीने पर गोलियाँ खाई। बगांल पूरे जोर से इस जंग में कूद पड़ा। 1905 में राखी वाले दिन महाकवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने बंदे मातरम का तराना गाकर सारे भारत को इस जंग में कूद पड़ने का संदेश दिया। कन्या कुमारी से कश्मीर तक एक कंठ से यह गाना गाया। ब्रिटिश सरकार की दीवारें काँप गई। जनता का ठाठें मारता समुद्र सैलाब की तरह देहली में निकल पड़ा। अंग्रेज़ी सरकार ने जनता पर गोली चलानी चाही। स्वामी श्रद्धानन्द सीना तान कर खड़ा हो गया, अगर जुर्रत है तो चलाओ गोली। देश के दिवाने मौत से नहीं डरते। आज़ादी हमारा पैदायशी हक है। यह नारा सब से पहले लोकमान्य तिलक ने दिया। इस नारे को लगाने पर तिलक को बरसों जेल काटनी पड़ी। पंजाबी इस कुर्बानियों की दौड़ में बंगालियों से भी आगे थे। उधर वंदेमातरम् का गीत आग लगा रहा था। इधर पंजाब में सरदार अजीत सिंह के गीत "पगड़ी सम्भाल ओ जट्टा" तूफान मचा रहे थे। लाला लाजपतराय सीने पर लाट्ठियाँ खाकर सदा के लिए अमर हो गए। लाला जी की मौत का बदला लिया गया। खुदी राम बोस हँसते–हँसते "सरफरोशी की तमन्ना" गाते–गाते फाँसी के तख्ते पर चढ़ गया। 1919 में अमृतसर जलियाँवाले बाग में बैसाखी वाले दिन अमृतसर में एक भारी जलसा हुआ। जालिम डायर ने बगैर किसी चेतावनी के निहत्थी और पुरअमन जनता पर मशीनगनों से गोलियों की बौछार कर दी। कितने आदमी शहीद हो गए, कितनी सुहागनों के सुहाग लुट गए, कितने बच्चे यतीम हो गए, कितनी बदनसीब मांओं के लाल मौत की नींद सुला दिए गए। जलियाँवाला बाग खून से लाल हो उठा। सारे देश में अंग्रेजों के खिलाफ गुस्सा भड़क उठा। हर शहर, हर गली, हर कूचा में नौकर शाही का मातम किया गया। एक रोज़ आया, 21 वर्ष बाद माँओं की सूनी गोद और बहनों के सुहाग का बदला इंगलिस्तान की पार्लियामैंट में राम मुहम्मद सिंह ने जनरल डायर को गोली मार कर लिया। इस ज्योति को जिन्दा रखने के लिए भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, 23 मार्च, 1931 को इंकलाब, जिन्दाबाद का नारा लगाते फाँसी पर झूल गए।

भगत सिंह की शहादत ने एक नया रंग जजमाया। देश के नौजवानों ने मौत को गले लगाया। लाला हरदयाल एम. ए., रणजीत सिंह, रासबिहारी बोस, बी. के. दत्त, राम प्रसाद बिसमल, चन्द्रशेखर आज़ाद और कई गुमनाम वीर शहीद हुए पर यह खेल बन्द न हो सका। इस स्वतंत्रता युद्ध में भारत की नारियां भी पुरुशों से पीछे नहीं रही। उन्होंने काली, महाकाली और चण्डी का रूप धारण कर लिया। बंगाल सबसे अग्रणीय था। शहीद प्रीतिलता, बोरेदार, कल्पनादत्त और अंग्रेज़ गर्वनर पर गोली चलाने वाली वीनाराय और सुनीता चौधरी और शांतिघोष जैसी क्रांतिकारी महिलाओं ने बंगाल की धरती पर जन्म लिया। लीला नाग सुहासनी, शोभा रानी और रेनू जैसी और न जाने कितनी महिलाएँ थी जो आज नहीं हैं पर बंगाल का नाम रोशन कर गई। पंजाब की दुर्गा

भाभी का नाम कौन नहीं जानता। वो भगतसिंह की पार्टी की मुख्य सदस्या रहीं जिन्होंने अपना सब कुछ देश पर न्योछावर कर दिया। पंजाब की धरती पर जन्मी एक ऐसी ही थी, सुशीला दीदी। जिन्होंने काकोरी काण्ड की पैरवी के लिए अपनी शादी के लिए रखा दस तोले सोना भेंट कर दिया। बनारस के श्री विमल राय की पत्नी मृणालनी देवी का नाम बड़े गौरव से लिया जाता है जिन्होंने अपने पति के साथ सात साल की सज़ा काटी। महाराष्ट्र की इन्दुमति दत्तात्रय, लक्ष्मीबाई कुलकर्णी, उत्तमदत्त राओ, कोशल्या बाई ऐसी क्रांतिकारी महिलाएँ थी। जो लड़ते–लड़ते क्रांति युद्ध में शहीद हो गई। ऐसी ही 26 जनवरी 1930 को पंडित नेहरू ने देशवासियों को जंग आजादी में शामिल होने का आह्वान किया उसी दिन की याद मनाने आज हम भी कपड़े धो और अपने कपड़ों का झंडा बना लहराना चाहते हैं। कपड़े धोने की आज्ञा मिल गई। कपड़े पानी में भिगोए पर हाथों ने धोने से जवाब दे दिया। इसी तरह धूप में सूखने को डाल दिए। आज चरण दास रणवीर सिंह पुरा तहसील का और सतपाल राम नगर वाला दोनों सख्त बीमार हो गए। हम सब घबराए शायद कहीं हमे अपने कुछ साथी बनिहाल की मिट्टी में सुर्पुद न करने पड़ें। आज दोनों समय किसी ने भी खाना नहीं खाया। शायद दिल्ली 26 जनवरी मनाने वालों को पता चल सके कि जम्मू की जनता पर क्या–क्या अन्याय हो रहे हैं। पर इतनी घोर तपस्या पर भी दिल्ली का सिंहासन न डोल सका।

27 जनवरी, आज फिर बर्फ पड़नी शुरू हो गई। ऊपर आसमान बरस रहा था नीचे आँखें। पूरे 36 घंटे के बाद खाना खाया। सतपाल और चरणदास पहले ही बहुत बीमार थे। आज पंडित देवराज अखनूर वाला एकदम बीमार हो गया। पहले हम दो के लिए चिन्तित थे, आज तीन हो गए। बनिहाल के डाक्टर की मेहरबानी से 29 जनवरी तक तीनों कुछ अच्छे हो गए। 30 जनवरी, आज बर्फ पड़नी बन्द है। कपड़े सब के फट चुके हैं। सोचने लगे, अब क्या होगा। जेलवालों की तरफ से हमें कोई वर्दी नहीं मिली थी। दिन इसी तरह गुजरते रहे। 7 फरवरी आज खूनी हवा फिर जोरों से चल रही है। कमरे के अन्दर कम्बल लपेट कर बैठे हैं। दोपहर बाहर नारों की आवाज़े आनी लगी। बाहर आकर देखा, बहुत से साथी जम्मू जेल से निकाल यहां लाए गए हैं। इनसे पता लगा कि हमें श्रीनगर हवाई जहाज़ से ले जाने के लिए हवाई अड्डे में ले जाया गया। सड़क बन्द हो जाने के कारण वो हमें बसों द्वारा नहीं ले जा सकते थे। हम लोगों ने पुलिस के हजार यत्न के बाद भी जहाज़ पर चढ़ने से इन्कार कर दिया।

पुलिस ने हम को जेल ले जाने के स्थान पुलिस लाईन में ले जाकर खूब पिटाई की। रात एक दूसरे की टांगो को बेड़ियों से बाँध दिया जाता था जिससे न ही हम टाँग हिला सकते थे और न ही पहलू बदल सकते थे। पुलिस जितना भी जुल्म हम पर कर सकती थी, किया पर हमको जहाज़ पर सवार न करा सकी। अंत में थक–हार कर हमें यहाँ ले आई। इन लोगों से पता चला कि जम्मू जेल में हमें दोनों समय खाने के साथ एक छटांक चने और एक छटांक गुड़ भी मिलते थे। 9 फरवरी, दिन निकलने पर पता लगा कि हमारे सामने वाले कमरे में और भी ऊधमपुर से कैदी लाए गए। हमारी गिनती दिन व दिन बढ़ती जा रही है। 13 फरवरी, आज घनश्याम डी. सी. उधमपुर और अब्दुल अज़ीज ए. एस. पीश आए। उनको बहुत सी तकलीफें बताई। उन्होंने इसको बहुत जल्दी दूर करने का वायदा किया। दिन बीतते चले गए। 20 फरवरी, आज हमारे एक साथी, जिसका नाम जट है, कौम से हरिजन, जम्मू तहसील का रहने वाला है। उसके साथ एक और इखलाक़ी कैदी भी, जो लंगर में काम करता था, अपनी सज़ा के दिन पूरे कर इस नई बस्ती से फिर उसी पूरानी पापी, लालची और फरेब़ से भरी बस्ती में वापिस जा रहे हैं। सबने बड़े प्यार से उन दोनों को विदा किया। यहाँ हर एक को अपना भाई समझा जाता था।

नहीं सुनी। यहां दो चार बदमाशों के हाथ में हुकूमत है यदि कोई बोले तो उस को झूठा केस बना कर जेल में डाल दिया जाता है। यहां आप को बहुत से कैदी ऐसे मिलेंगे जो दो–दो, तीन–तीन साल से पड़े सड़ रहे हैं। अभी यह बातें हो ही रही थी कि एक दम जेल का दरवाज़ा खुला पैंदाखाँ दो तीन कश्मीरी मुस्लिम कैदियों को भेड़ बकरियों की तरह मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले जा रहा था। मैंने झट आगे जा कर पूछा खाँ साहब क्यों इन बेचारों को इतनी बेदर्दी से पीट रहे हों बोला, अजी साहब, यह आप को बेचारे दिखाई दे रहे हैं मोटी सी गाली अपनी भाषा में दे कर कहने लगा इनको सख्त सज़ा का हुकुम हुआ है इनसे चक्की पिसवाऊंगा इन्होंने बहुत बड़ा जुल्म किया है। कत्ल, डाका या कौन सा बड़ा जुल्म किया है मैने पूछा। वह बोला अजी साहब इन्होंने एक गरीब आदमी का धान कूटने का ऊखल चुरा लिया है। मैने कहा इन तीन आदमियों ने। बोला साहब नहीं साथ में मूसल भी था। मैने फिर डरते–डरते पूछा यह मूसल कितनी कीमत का होता होगा। वह बोला चार या पाँच रूपये का। इतना कह कर मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले गया। मेरी आँखों मे आँसू आ गए। सच इन लोगों ने जेल में आने का बहाना ढूंढा है नही तो चार पाँच रू. की चोरी भी कोई चोरी होती है। आज शाम जो सब्जी बन कर आई दिल नहीं मानता कि इसको जानवर भी खा सकेंगे। सोचने लगे इनके पत्ते खाएं या पानी। यदि इस में से एक चीज निकाल दें तो रोटी नहीं खाई जाएगी। खैर हमने रोटी कम खाई और एस. पी. को गालियां ज्यादा निकाली। रात भर पेट में गड़बड़ होती रही। कुछ साथी रात भर दर्द से चिल्लाते रहे ऐसा जान पड़ता है जो सब्जी हम को खिलाई गई है वो पेट में जबरदस्ती गलने की कोशिश कर रही है। इसी तरह करवटें बदलते शाम रात में और रात आधी रात में कब बीत गई पता ही नहीं चला।

तेरह

पहली वैशाख, साल का पहला दिन, हिन्दू और मुस्लिम दोनों कोमों का सब से बड़ा दिन। जिस तरह सिपाही को अपनी लाल पगड़ी पर, मिलिट्री अफसर को अपने कन्धों पर लगे तमगों को अपनी सुंदरता, अफसर को हाथ बांध खड़े हुए जरूरत मंदों, हकीम या डाक्टर को अपने सामने बैठे मरीजों की कतार देख बड़ा गर्व होता है इसी तरह किसान को अपने खेतों में लहलहाती फसल को देख खुशी का ठिकाना नहीं रहता। साल भर के कठिन परिश्रम को फलता फूलता देख किसान खुशी से नाच उठता है। पंजाब एक सिरे से दूसरे सिरे तक नाचता गाता है मानों सारी पृथ्वी का कण–कण नाच उठा हो हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख सब के लिए खुशियां लिए पूरे साल के बाद यह दिन आता है। दिन निकलने पर सूर्य की पहली किरण देखते ही सब एक दूसरे को बैसाखी की मुबारक देते हैं। नया साल मुबारक हो इस की सब कामना करते हैं। भाई चारे का दृश्य हर तरफ देखने को मिलता है। ऐसा जान पड़ता है हम सब एक ही माँ के बेटे हैं और यह है भी सच धरती माँ तो सब की सांझी है। सारा पंजाब आज झूम नाच रहा होगा पर एक हम हैं अपने सगे सम्बन्धियों से कोसों दूर सारी दुनिया से अलग जेल की चार दीवारी बैरक के अन्दर कम्बल लपेट बैठे हैं। कल से जोरदार बारिश हो रही है। सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। किसी में नहाने की हिम्मत नहीं। आज सब हिन्दू कैदियों को खाने को मीठे चावल मिले। यह त्यौहार धर्म से ऊपर हिन्दू और मुस्लिम दोनों का सांझा होता है। जन्माष्टमी, रामनवमी हिन्दुओं के और ईद मुस्लमानों का त्यौहार है पर वैशाखी तो दोनों कौमों का त्यौहार है। यह विधान चाहे महाराज के समय बना हो या नई हुकूमत ने बनाया हो गलत है। यां तो मैं यह समझता हूँ यह असूल इसी काने एस. पी. ने मुस्लिम कैदियों की चीनी बचाने के लिए किया है ऐसा मैं इस कारण सोचता हूँ कि जम्मू में लोहड़ी का त्यौहार जो हिन्दुओं का होता है वहां के एस. पी. जो मुस्लिम था हम लोगों को हिन्दू और मूस्लमान में कोई भिन्नता न करते हुए एक जैसा खाना दिया था। यदि मेरा सोचना ठीक है तो श्री कंठ रैना ने इन्सानियत का खून किया है।

दो वैशाख आज मौसम साफ है बाहिर धूप बड़ी मीठी लग रही है। कुछ कबाइली कैदियों से बात करने का समय मिला ये लोग कश्मीर में आक्रमण करने पर गिरफ्तार हो कर जेल आए हैं अपने प्रांत और रिवाज की बहुत सी जानकारी हमें देने लगे। बात करते–करते बात अब्दुल गुफ्फार खान पर आ गई जिस को लोग सरहद्दी गांधी भी कहते हैं। बहुत ही जोश भरे शब्दों में खान साहब के बारे में सुनाने लगे। बोले हमारे और खान साहब के विचारों में बहुत बड़ा अंतर है हम मरने मारने के विचार रखते हैं और वो महात्मा गांधी का चेला न मालूम गांधी ने उस पर क्या जादू किया कि वो रहमत क़ा फरिश्ता बन गया पर फिर भी हम उनको खुदा का भेजा फरिश्ता मानते हैं। अंग्रेज़ यहां से चला गया हिन्दुस्तान आज़ाद हो गया पाकिस्तान बना देश दो हिस्सों में बंट गया। लीडरों को

कुर्सियां मिली दूध पीने वाले मजनू आगे आ गए गुण्डों का राज हो गया पर हमारे दिलों का शहंशाह जिस ने अंग्रेज़ों को बाहिर निकालने के लिए कई साल जेल काटी। देश आज़ाद हुआ पर खान फिर एक बार पाकिस्तान की जेल में न मालूम मुद्दत के लिए बन्द कर दिया। उस आजादी जिस के लिए हम सब ने बड़ी आशाएं लगा रखी थी वो पूरी न हुई। गोरा मालिक चला गया काला मालिक आ गया और इन काले मालिकों ने खुद आजादी ले कर उस फरिश्ते को गुलामी दे दी। आज भी पठान कौम का बच्चा–बच्चा उस के एक इशारे पर मरने मारने को तैयार है। हम ने कई बार बादशाह खान से कहा यदि आप आज्ञा दें तो हम दो ही दिन में इस पाकिस्तानी हुकूमत को खत्म कर के रख दें पर उस पर अहिंसा का भूत ऐसा छाया है कि वो हमें कुछ करने ही नहीं देता पर फिर भी हम उसे अपना छठा ईमान मानते हैं।

पांचवां वैशाख आज मौसम फिर बारिश वाला है सर्दी भी काफी है हमारे बहुत से साथी बीमार पड़े हैं उन को जेल के हस्पताल में दाखिल करवाया गया वो दूसरे ही रोज़ अपने–अपने कम्बल उठा बैरकों में वापिस आ गए कहने लगे वहां मरने की बजाए क्यों न अपने साथियों के मध्य प्राण त्यागे जाएं। पलंग लकड़ी के तख्ते जड़े इतने छोटे कि करवट भी नहीं बदली जाती और गद्दा जो उस पर बिछा होता है उस में घास फूस भरा हुआ होता है। सब्जी जो हमें खाने को दी गई मानों जानवरों का घास उबाल हमें खाने को दिया गया। आज हमें भी ऐसी ही सब्जी खाने को मिली। डंठल उतार कर बाहिर फेंके और सब्ज रंग के पानी में चावल गीले कर के जैसे ही खाने शुरू किए एक दम ऐसा जान पड़ा जैसे नीम का चरायता पी रहे हैं। डिप्टी जेलर मुहम्मद हुसैन से शिकायत की तो बड़ी बदतमीजी से बोला। फिर उस को कहने की हिम्मत ही नहीं पड़ी। दूसरे रोज़ चीफ मुहम्मद शरीफ से कहा उसने कहा इन दिनों सब्जी तो कोई होती नहीं बड़ी मुश्किल से आप के लिए यह सब्जी लाई गई है। हम ने कहा यदि सब्जी नहीं तो हमें दोनों समय दाल ही खाने को दे दिया करो। चीफ ने कहा यह जेल के नियम में नहीं है। एक समय दाल और एक समय सब्जी देने का नियम है। आठ वैशाख, सर्दी भी बढ़ गई है हमारे साथियों में कुछ छोटी उम्र के बच्चों को जिनको बच्चा बैरक में रखा गया है वो शाम को आरती कर रहे थे उन को पकड़ संगीन कोठरियों में बन्द किया गया। आज बाहिर जनान खाना से शादी लाल जम्मू वाले को लाया गया उसने कहा जब हम लोगों को बनिहाल से श्रीनगर लाया गया था सारी रात सफर करने से मेरी आँखें लाल हो गई थी। जेल की डयोढी में जब एस. पी. रैना से मेरी आँखें मिली चांटा लगाया और कहा क्या लाल आँखों से मुझे घूर रहा है? उसके चांटे लगाने की देर थी कि सिपाही लोग दौड़े ओर मुझे धड़ाधड़ पीटने लगे। मेरा कसूर सिर्फ इतना था कि मेरी आँखें लाल थी। इसी तरह ऋशी कुमार कौशल रियासी वाले को भी चार सिपाहियों ने बुरी तरह पीटा था। आज भी उस के शरीर पर चोटों के निशान हैं। स्वामी सेवानन्द गिरी शौचालय गए थे अभी वो शौचालय से

बाहर निकले ही थे कि अली अकबर नम्बरदार किबाइली ने जोरदार घूंसा उनकी कनपट्टी पर मारा। लोटा कहीं और स्वामी कहीं। अली अकबर दांत पीस कर बोला साला काफिर लोग। हम पठान बचा बारी–बारी सब का खून पी जाएगा कल बच्चा बैरक से जिन को संगीन कोठरियों में ले जाया गया था सारी रात उन के रोने और चीखनें की आवाज़ें आती रहीं। साफ ज़ाहिर था कि उनकी पिटाई हो रही थी। आज सब नें बच्चों पर इस जुल्म और मार के विरूद्ध भूख हड़ताल का निर्णय ले लिया और किसी न किसी तरह हर बैरक में यह सन्देश पहुँचा दिया। खाने के समय खाना लेने कोई भी अपनी बैरक से बाहिर न निकला। चीफ़ आया उसने कहा आप की शिकायत ठीक है मैं इस बारे में मारने वालों को पूछूंगा आप खाना खा लें यदि आप खाना न खाएंगे तो हमारे पास भूख हड़ताल खुलवाने के बहुत से साधन हैं। आप मुझ पर भरोसा करें कि मैं पैंदाखाँ और अली अकबर से पूछूंगा कि किसकी इजाज़त से बच्चों को पीटा है। उस के विश्वास दिलाने पर बारह बजे सब ने खाना खा लिया और कहा यदि फिर बच्चों को पीटा गया। तो हम लोग मुकम्मल तौर पर भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। दस वैशाख, मौसम साफ है धूप निकलने से सर्दी कम हो गई है बंसी लाल अखनूर वाला, गौरी मल रियासी वाला, शादी लाल जम्मू वाला सख्त बीमार है उनको हस्पताल में दाखिल करवाया गया। त्यागी बाबा बसन्त सिंह जो सिर्फ एक धोती पहनता था उसको डब्ल निमोनिया हो गया उनको हस्पताल दाखिल कराया गया पर वहां कामली कम्पाऊंडर के बोलने के ढंग और घास का बिस्तर देख वो रेंगते–रेंगते पेट के बल बैरक में वापिस आ गए क्योंकि उनमें चलनें की शक्ति नहीं थी। वो बोले हमारे दूसरे साथी भी वहां से निकलना चाहते हैं पर उनको जोर जबरदस्ती वहां रोका गया है। एक तो कम्पाऊंडर का डर कि गलती से कहीं गलत दवाई न दे दें और ऊपर से खाना भी बन्द। बीमार एक बेजान लाश की तरह हस्पताल में पड़ा रहता है। मैने कम्पाऊंडर से थोड़ी सी वैसलीन मांगी क्योंकि सर्दी की वजह से मुंह फट गया था उसने वैसलीन की जगह गरीस मशीन के पुर्ज़ो में लगाने वाली दे दी उस की बदबू से नाक फटने लगी दूसरे दिन डाक्टर अमरनाथ रैना आया मैने उसको वो गरीस दिखाई और कहा डाक्टर साहब जरा आप भी इस को मुंह पर लगा कर देखें बोला यह सब मेरे कम्पाऊंडर की बदमाशी है। आज डिप्टी हैल्थमिनिस्टर गुलाम महीउद्दीन हिमदानी जेल में निरीक्षण करनें आया। जेल की खुराक नम्बरदारों की सख्ती और भी शिकायतें उस से की। उस ने कहा आप लोग बहुत खुश किस्मत हैं आप से चक्की नहीं पिसवाई जाती, धान नहीं कुटवाया जाता इस से पहले कैदियों से यह सब काम लिए जाते थे। मैने महाराज हरि सिंह के समय शेख साहब के साथ जेल काटी थी हम से यह सब काम लिए जाते थे। यह तो शेख साहब की आप पर बहुत मेहरबानी है और जो आपने कच्ची सब्जी की बात कही आप को पता होना चाहिए कि कच्ची सब्जी में विटामिन बहुत ज्यादा होता है। यह कहा और बैरक से बाहर। मुझे एक बात याद आ गई ठेले पर बहुत बोझा लदा हुआ था। गाड़ीवान को घर जाने की जल्दी थी, वो बैलों को धड़ाधड़ पीट रहा था, बैल पसीना पसीना हो रहे थे, मुंह से झाग

निकल रही थी, पहियों से जोर–जोर से आवाज़ें आ रहीं थीं जो बन्द होने में नहीं आती थीं। बैल बोले अजीब बात है बोझ तो हम ढो रहे हैं शोर तुम कर रहे हो। छकड़ा बोला–मैं तरक्की पसन्द हूँ आज बहुत सत्याग्रहियों के कागज थानों से वापिस आए उन से शादी लाल, विशम्बरदास जम्मू और स्वर्णसिंह डनसाल वाले कागजों पर ॅण्भ्ण्ट ने लिखा था ये है तो सियासी पर इन को इख़लाकी समझा जाए। काशीनाथ बिलावर वाले के थाना से बड़ा ही अनोखा जवाब आया था लिखा था यह आदमी हम ने धारा तीन में बन्दी बनाया है। है तो सियासी पर बहुत बेवकूफ और जाहिल किस्म का आदमी है। यदि काशी नाथ सचमुच बेवकूफ और जाहिल है तो सरकार को इस से क्या डर हो सकता था। इस को गिरफ्तार करने की क्या जरूरत थी। यह शिकायत जब चीफ से की तो वह बोला आप सब लोग संघी हैं। आप ने साल सैंतालीस में मुस्लमानों का वध किया था कारण आप से चोर और डाकुओं जैसा व्यवहार ही किया जाना चाहिए इस बात से आप विचार करें कि इन लोगों का हमारे प्रति क्या विचार है। यह हम से बदला चुका रहे हैं। यह उनकी आदत् नहीं दिली आवाज़ थी आदत तो बदल सकती है परन्तु दिल की घृणा नहीं मिटाई जा सकती। पर मुझे विश्वास है ये घटाऐं कल के सूरज को छिपा लें पर सूर्य निकलेगा जरूर ये घटाऐं उस को रोक नहीं संकती।

आज पूरा एक महीना हमें यहां आए हो गया। जेल नियम के अधीन हर रोज बैरक मैं S.P. को आ एक एक कैदी का हाल पूछना चाहिए पर हम ने उस को सिर्फ एक ही बार बैरक में देखा। इसी तरह डाक्टर को खाना देने से पहले स्वयं चैक करना चाहिए परन्तु कोई भी अपनी डयूटी पूरी नहीं कर रहा है। दो सप्ताह से किसी को भी साबुन नहीं मिला। चीफ से कहा कपड़े बहुत गन्दे हो गए हैं जेल रूल में हर सप्ताह हमें एक–एक छटांक साबुन मिलना चाहिए बोला आप कौन होते हैं हमें जेल रूल सिखाने वाले। हम जानते हैं जेल रूल क्या हैं जैसे कल ही आप का साथी अपनी सज़ा काट कर रिहा होने पर जम्मू का किराया मांगने लगा पर जेल रूल ऐसा करने की आज्ञा नहीं देता कैदी को एक पैसा प्रति मील के हिसाब से, जम्मू दो सौ मील के लिए तीन रू. दो आने देकर जेल से बाहर निकाल दिया, यह कहा और वापिस चला गया। यह सुनते ही हम सब घबरा गए कि आज से पहले हमारे जो साथी सज़ा पूरी कर के यहां से बाहिर गए हैं वे जम्मू कैसे पहुँचे होंगे। श्रीनगर से जम्मू का किराया पन्द्रह रू. और दो समय का खाना। उन का यहाँ कौन है जो उन को किराया और खाने के लिए देगा। दो सौ मील का लम्बा सफर पैदल भी तो नहीं किया जा सकता।

वो लोग भूख और परेशानी में तड़प–तड़प कर जान दे देंगे। यह हम लोगों से बदले की भावना नही तो और क्या है। आजकल जो सब्जी हमें खाने को मिलती है एक कश्मीरी मुस्लिम कैदी से पूछा इस साग का क्या नाम है बोला हमारे लंगर में भी यही आ रहा है। यह साग नहीं घास है इस को यहाँ कोई भी नहीं खाता शायद यह हुकूमत के कारिन्दों ने सोचा होगा कि डोगरों को कोई शिकायत न रहे कि इन को कश्मीर की हर चीज़ खाने को नहीं दी गई या कोई डाक्टर तजुर्बा कर रहा होगा कि एक अच्छा भला आदमी यह घास खा कर कितने दिन जिन्दा रह सकता है। एक बार एक कश्मीरी कैदी से पूछा कि आप दूर किसी गांव के रहने वाले जमीं दार हैं तो यह जानते होंगे यह कौन सी किस्म का साग है। बोला हजरत हम गरीब बेशक हैं पर जालिम नहीं। यह जो साग हमे और आप सब को खाने में दिया जा रहा है यह साग नहीं एक किस्म का घास है। पूरे छः महीने बाद जानवरों को सब्ज चारा खाने को मिलने लगा था क्योंकि नवम्बर महीने से अप्रैल तक बर्फ की वजह से कोई घास जहां नहीं होता अब बड़ी मुश्किल से जानवरों को सब्ज चारा मिलने लगा था। जिसे हम और आप धड़ाधड़ खा रहे हैं। सब्जी तो अभी एक डेढ़ महीना बाद मण्डी में आएगी हम गरीब जैसे तैसे गुजारा कर लेते हैं पर बेजुवान जानवरों का हम नहीं छीनते हम ने भी जान देनी है उस पाक परवर दिगार के सामने कौन सा मुंह ले कर जाएंगे। मैने पूछा हम तो जानते नहीं थे कि यह घास है आप जान कर भी क्यों किसी का हक खा रहे हैं। वह बोला हम अपनी मर्जी से थोड़ा ही खा रहे हैं यह तो जबरदस्ती हमें खिलाया जा रहा है फिर भी हम पांचों समय नमाज के बाद खुदा से

माफी मांग लेते हैं। मैने कहा आप तो नमाज के बाद माफी मांग लेते हैं। परन्तु हमें प्रार्थना करने की भी इजाज़त नहीं। फिर इस में हमारा तो कोई भी दोष नहीं इस पाप की जिम्मेदारी सारी हुकूमत पर है। अजी छोड़िए इस हुकूमत को यह भी कोई हुकूमत है थोड़े से गुण्डों और जालिमों का राज है शेख कम्पनी ने हम लोगों को बुरी तरह दबाया हुआ है। बाबू यह हमारे कर्मों का फल है। यह थे उस गांव वाले ज़मीं दार कश्मीरी मुस्लमान के दिल की आवाज़।

कल चमन लाल मिलिशिया का क्लर्क सिपाही मुझे मिलने जेल में आया। चीफ ने कहा मैं मुलाकात करा दूंगा मुझे कुछ बख्शीश मिलनी चाहिए। चमन लाल ने कहा मेरे पास वरचक्र सिगरेट की डिब्बी के सिवा कुछ भी नहीं। चीफ ने कहा वही दे दो यह वरचक्र सिगरेट का पैकेट दो आने का होगा। आप सोच लें यदि चीफ जिस की वेतन डेढ़ सौ से कम नहीं होगा उसकी यह हालत है तो सिपाही लोग जिन का वेतन 30–32रू. है उनका क्या हाल होगा?

तेहरवां वैशाख, धूप निकली है। धूप में कम्बल बिछा कर बैठे बातचीत कर रहे थे कि चगर सिंह कठुआ निवासी मेरे पास आकर बैठ गया। उस से कठुआ का हाल पूछा बोला दिसम्बर महीना में गिरधारी लाल डोगरा, मेजर प्यार सिंह, मुहम्मद सैय्यद मसूदी और मिर्ज़ा अफजल बेग कठुआ आए। इनके आने पर नेशनल कान्फ्रेंस वालों ने जलसा रखा उस समय आन्दोलन जोरों से चल रहा था अभी जलसा शुरू भी नहीं हुआ था एक बहुत बड़ा जलूस दफा 370 तोड़ दो, एक विधान एक निशान के नारे लगाता डाक बंगला की तरफ आया। इस हुजूम और लोगों के जोश को देख पुलिस और मिलिशिया जिन में पंजाब पुलिस भी शामिल थी, गिरधारी लाल डोगरा के इशारे पर पंडित बलदेव चन्द डी. सी. कठुआ के हुक्म से टीयर गैस के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। लोगों में भगदड़ मच गई पुलिस ने उन का पीछा न छोड़ा भागते हुए लोगों पर फिर एक बार थाना के सामने जा कर आंसू गैस के गोले छोड़े। भाग दौड़ में कई बूढ़े और बच्चे पांव तले कुचले गए और बेहोश हो कर गिरने लगे। तीसरी बार बाजार में फिर आंसू गैस चलाई गई। ऐसा जान पड़ता था मानों पुलिस वाले लोग हम से पिछले जन्म का बदला चुका रहे हों। शहर में एक दम कोहराम मच गया। लोगों में गुस्सा भड़क उठा। सारे शहर में हड़ताल हो गई। बेहोश और जख्मी लोगों को उठा हस्पताल में ले जाया गया। हस्पताल मे तमाम कमरे उन लोगों से भर गए। डाक्टर कम और जख्मी ज्यादा थे जलसा न हो सका। यह लीडर और मिनिस्टर लोग एक ओर पास के गांव बुद्धि में जलसा करने का फैंसला ले कर चले गए बुद्धि जो कठुआ से थोड़ी दूर है वहां बहुत कोशिश करने पर नम्बरदार, चौकीदार, पटवारी और कुछ सरकारी कर्मचारी जमा कर के जलसा करने का विचार किया। जलसा वाली जगह के चारों ओर पुलिस और मिलिशिया खड़ी कर दी। अभी जलसा शुरू भी नहीं हुआ था कि फिर एक

बड़ा भारी जुलूस प्रजा परिषद् जिन्दाबाद, भारत माता जिन्दाबाद बोलता जलसा वाली जगह की तरफ बढ़ता आया। जलूस देख मिर्जा बेग और डोगरा एक दम गर्म हो गए। डोगरा ने डी. सी. बलदेव चन्द को हुक्म दिया कि इन बदमाशों को गोलियों से भून दो। डी. सी. ने कहा जनाब पहले ही लोगों पर बहुत अत्याचार किया गया है लोगों में बहुत गुस्सा है यदि और कोई सख्त कदम उठाया गया तो हालात नियंत्रण से बाहर हो जाऐंगे। डी. सी. का यह जवाब सुन डोगरा बगैरा बल खा कर रह गए। उधर साइक्लोस्टाइल मशीन की तलाश के लिए ठाकुर झग्गर सिंह का छोटा भाई और बंसीलाल का छोटा भाई सरदारी लाल दोनों को पकड़ हवालात में बन्द किया और S.H.O. मौलाना फतेह यार अहमद जिस को मास्टर भी कहा जाता है दोनों लड़कों को खूब पिटवाया। कई सिपाही फौजी बूटों सहित उन पर चढ़ कर नाचे। मास्टर जो कुछ कर सकता था कर के थक गया पर उन लड़कों से कुछ भी न उगलवा सका। मार खा कर जब दोनों बेहोश हो गए तो बेहोशी की हालत में उन को उठा हवालात के ठण्डे फर्श पर डाल दिया। यह अत्याचार की कहानी कठुआ में फैली तो लोगों में गुस्सा भड़क उठा। सरकार ने उसको बदल कर दूसरे थाना में लगा दिया। यह मास्टर S.H.O. कैसे बना। इस में एक भेद है। साल 1947 के पहले यह स्कूल मास्टर था। पाकिस्तान के साथ षड्यंत्र करता पकड़ा गया। थोड़ा ही समय जेल में गुजरा था कि शेख का राज आ गया। शेख ने इस को जेल से निकाल S.H.O. बना दिया। कठुआ में जब बंसीलाल और प्रमोद सिंह पर पुलिस के जुल्म की कहानी सुनी तो कठुआ जेल में रणजीत सिंह आदि जो सत्याग्रही थे उन्होंने भूख हड़ताल कर दी कि बंसीलाल, प्रमोद सिंह को जेल में लाया जाए। भूख हड़ताल के कारण उन दोनों लड़कों को जेल में लाया गया। सब ने देखा कि उन के शरीर पर लगे जख्मों से खून बह रहा है। ऐसा झग्गर सिंह की जुबानी सुन हम सब आंसू बहाने लगे तो चुन्नी लाल रियासी वाले ने कहा माना कि कठुआ में पुलिस वालों ने बहुत जुल्म किया है पर इस से भी ज्यादा भयानक दृश्य हम ने देखे हैं। उन दिनों को याद कर कलेजा कांप जाता है। बहुत कहने पर उस ने रियासी में जो कुछ हुआ वो सुनाने लगा। बोला–तहसीलदार निजामुद्दीन और S.H.O.मुहम्मद अफजल ने इस आन्दोलन को दबाने के लिए वो लूट मचाई जिस का उदाहरण इतिहास में नहीं मिलता। दोनों के जुल्म की कहानी डाक्टर मुखर्जी ने देहली पार्लियामेंट में सुनाई। सारे भारत वर्ष में इन के जुल्म की दास्तान सुनी। इन दोनों को सरकार ने बदल S.H.O.को पुलिस लाइन और तहसीलदार को न मालूम कहां भेज दिया। अभी यह बातें हो ही रहीं थी कि सिपाही लोग भागते आए और बोले चलो समय हो गया है बैरक में बन्द कर के ताले लगा दिए। सोचता हूँ कठुआ की बेबसी पर आंसू बहाऊं या रियासी की बदकिस्मती पर।

सत्रह वैशाख, आज कर्नल रामनाथ चोपड़ा डाइरैक्टर जेल में निरीक्षण के लिए आया पर S.P. जेल ने कर्नल को जिन बैरकों से शिकायत की जाने की आशा थी उधर न ले जा कर जिस बैरक में बच्चे या बूढ़े थे जो न शिकायत करना जानते थे और न ही शिकायत करने की उन में हिम्मत थी। जब कर्नल चोपड़ा चक्कर लगा कर वापस जाने लगा तो बैरक नम्बर 9 से सरदारी लाल नगरी पड़ोल वाला और बसन्त सिंह त्यागी ने जोर–जोर से आवाज़ें दे कर्नल को अपनी तरफ बुलाया और जेल वालों की ज्यादती, मार पिटाई और खाने की बुरी हालत की शिकायत की। कर्नल ने S.P. रैना को आदेश दिया कि सत्याग्रहियों पर कभी अत्याचार न किया जाय और इन की दूसरी शिकायतें भी दूर की जाऐं। यह कह कर कर्नल तो चला गया पर उसी रात बैरक नम्बर नौ में सारी रात जबरदस्त लाठी बरसती रही। दूर–दूर तक बैरक नम्बर नौ वालों की चीख पुकार सुनाई देती रही। हम सब ने कहा मांगे पूरी हो रही हैं। बिल्कुल उसी मानिंद जैसे एक साहूकार ने किसी से रूपया उधार लेना था। बार–बार मांगने पर आसामी ने कहा कल अपना बहीखाता ले कर आजाना आप का रूपया ब्याज सहित आप को चुका दूंगा। साहूकार दूसरे रोजा खुशी–खुशी बहीखाता लेकर आसामी के घर गया। आसामी ने आदर सहित उस को चारपाई पर बिठाया बाहर से सारे दरवाजे बन्द कर लिए और लाठी ले साहूकार की पिटाई शुरू कर दी और अपने लड़के को जोर–जोर से ढोल बजाने को कहा ताकि इस के चींखने चिल्लाने की आवाज बाहर सुनाई न दे और बही पर लिखवा लिया कि मैने अपना रूपया ब्याज सहित ले लिया है। साहूकार रोता पीटता अपने घर चला गया। थोड़े दिनों बाद वैशाखी का त्यौहार आया ढोल बजने लगे साहुकार के बच्चों ने कहा हम भी वैशाखी का मेला देखने जाऐंगे। साहुकार ने बच्चों को एकदम पकड़ कर कमरे में बन्द कर के दरवाजे बन्द कर दिए और कहा यह वैशाखी का मेला नहीं किसी साहूकार का खाता बराबर हो रहा है। इसी तरह बैरक न0. नौ वालों की हालत हुई मानों भगवान कृष्ण ने एक ही रात में सुदामा के सारे कष्ट दूर कर दिए। दूसरे दिन बैरक खुलनें पर हम ने देखा बैरक नम्बर नौ वालों में से कुछ हिल ही नहीं सकते थे और कुछ अपने ज़ख्म साफ कर रहे थे।

अठारहवां वैशाख, आज दो कश्मीरी कैदी हंसते लम्बी–लम्बी सलाम करते जेल में आए मैने एक से पूछा अभी पांच छः रोज पहले तो तुम गए थे अब कैसे आ गए। झट रोनी सूरत बना कर बोला अण्डे चुराए थे जज ने सजा ही एक हफ्ते की दी। सोचा था दो–तीन महीने कटेंगे क्योंकि बाहर बेकारी है काम कोई है नहीं। अगली बार मुर्गी चुराऊंगा इतने में जेल का फाटक एक बार फिर खुला दो आदमी सूट–बूट पहने अन्दर आए मैने सोचा यह कोई बड़े अधिकारी होंगे। पर उन को सिपाही धक्के मार बैरक नम्बर बारह में बन्द कर आए। मैने सिपाही से पूछा यह साहब कौन थे बोला यह तो कापरेटिव बैंक का एक मैनेजर और दूसरा खजानची है। इन्होंने बैंक से डेढ़

लाख रूपए का गबन किया है। केस चल रहा है पुलिस जांच–पड़ताल कर रही है। मैने सोचा जांच पड़ताल कर रही है या हिस्सा बना रही है। थोड़ी देर बाद चीफ अन्दर आया और बोला तुम लोग सरकार का मुफ्त का राशन खा कर बदमस्त हो रहे हो सारा दिन बेकार बैठे–बैठे हराम की खा रहे हो कल से सब को काम पर लगाया जाएगा। दूसरे दिन हम सब से जबरदस्ती काम करवाया जाने लगा। बच्चों और बूढ़ों को भी नहीं छोड़ा। चक्की पिसवाई जाने लगी, मुंज कातने और टूटी फूटी दीवारों की मुरम्मत कराई जाने लगी।

बीस वैशाख, आज श्रीनगर अस्पताल से नया डाक्टर आया पहले वाला डाक्टर छुट्टी पर गया था। बारी–बारी हर एक से हाल पूछा और बीमारों को अच्छी खुराक देने का कम्पाऊंडर को आदेश दिया और कम्पाऊंडर से कहा यदि आप के पास दवाई नही तो अस्पताल से और मंगवा लो। कामली कम्पाऊंडर ने टालने का बहुत यत्न किया पर डाक्टर ने कहा कैदी हैं तो क्या हुआ हैं तो इन्सान। इन की तमाम जिम्मेदारी हम पर है। हम ने उस की बातें सुन कहा डाक्टर साहब पिछले दो माह से बहुत से साथी संगीन कोठरियों में बन्द हैं वो हवा और रोशनी को भी तरस रहे हैं यदि कुछ दिन उन को इसी तरह बन्द रखा गया तो पता नहीं वो जीवित भी बचेंगे या नहीं, डाक्टर बोला मुझे दुःख है मैं इस बात में आप के लिए कुछ नहीं कर सकता। यह आप के S.P. जेल के अधीन हैं। जब तक पहले वाला डाक्टर छुट्टी से नहीं आया तब तक हर बिमार को अच्छा खाना और दवाई मिलती रही उसके आने पर वही हाल न अच्छा खाना और न अच्छी दवाई।

अठाईसवीं वैशाख, आज एक कश्मीरी मुस्लिम कैदी अब्दुल सम्मद से बात करनें का अवसर मिला। उस की बातों से ऐसा जान पड़ा कि कश्मीर के लोग भारत राज से ऐसी घृणा क्यों करते हैं। उन लोगों के दिलों में भारत की गन्दी और झूठी तस्वीर दिखाई गई है। उन लोगों को धोखे में रखा गया है। अब्दुल सम्मद बड़े क्रोध में बोला–जहन्नुम में जाए आप का भारत और वहां के लीडर, हम तो खुदा से दुआ मांगते हैं कि कल की जगह आज ही रियासत का कोना–कोना पाकिस्तान का हिस्सा बने। मैने हैरान हो कर कहा आप को भारत के साथ इतनी घृणा क्यों है। आप लोगों को भारत की बहादुर फौज ने कबाइली दरिन्दों से बचाया आप की बहु बेटियों की इज्जत और आप के जान माल की हर तरह रक्षा की। आप लोग बहुत नाशुक्रे हैं। आप के खाने को अनाज दिया, पानी की तरह लाखों रूपया बहा कश्मीर की तरक्की पर खर्च किया। बोला साहिब अगर भारत ने हमें अनाज, फौज या और कुछ दिया तो अपने लालच के लिए। पण्डित नेहरू ने हम पर कोई अहसान नहीं किया यदि यहां मिलिट्री रखी है तो उस का सारा खर्चा हम लोग देते हैं। मैने हैरानगी से पूछा मिलिट्री का खर्चा आप लोग करते हैं। हां, हम लोग अब्दुल सम्मद ने कहा। दो–दो रूपया महीना कश्मीर के हर घर से रियासत के लीडर लोग हम से जबरदस्ती वसूल करते हैं। हम लोग अनाज, मुर्गी, अन्डा बेच नहीं तो भीख मांग कर भी हर महीने उन लीडरों

को देते हैं। यदि कोई नहीं दे सके तो उस को मार कर और यह कह कर यदि आप लोग चन्दा नहीं देंगे तो मिलिट्री वापस चली जाएगी फिर पठान और कवाइली आ कर आप की बहु बेटियों को उठा कर ले जाऐंगे। इसलिए हम पाकिस्तान के गुण गाते हैं। यदि पाकिस्तान की हुकूमत आ गई न ही यहां पठान आएंगे और न ही कवाइली और न ही हमें चन्दा देना पड़ेगा। यह सुन मुझे समझ आ गई कि यह लोग क्यों न पाकिस्तान के गुण गाएं जब कि हुकूमत के कारिन्दों और यहां के लीडरों ने इन के दिलों में भारत वर्ष के प्रति इतना जहर भर दिया है। उन के विचार में भारत की हुकूमत कश्मीर के लिए एक बोझ है। तीसवां वैशाख, आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी की खबर सुनी। उनको कुछ साथियों सहित लखन पुर चैकपोस्ट पर, इस कारण बन्दी बनाया गया कि वो बिना परमिट रियासत में प्रवेश कर रहे थे। यह भी पता चला कि उन को बन्दी बना कर श्रीनगर चश्मा शाही के सामने किसी मकान में बन्द किया गया है। कई रोज से गुड़ और चने मांगे जा रहे हैं पर अभी तक किसी ने हमारी इस मांग को नहीं सुना।

4 ज्येष्ठ– आज फिर गुड़ और चने मांगने के लिए शोर मचाया। जवाब मिला चने तो बहुत मँहगे हैं जो आप जैसे सस्ते कैदियों को नहीं दिए जा सकते हाँ मक्की देने का विचार किया जा रहा है। हमारी खुशी और बढ़ गई। सुना है कश्मीर की मक्की बहुत मीठी होती है चलो वही दे दो। S.P. रैना ने कहा इस भ्रम में मत रहना कि आप को कश्मीर की मक्की मिलेगी क्योंकि यह मँहगी है आप को जम्मू वाली देसी मक्की मिलेगी। आज पांच–छः और कश्मीरी मुस्लिम कैदी जेल में लाए गए उन में एक बुर्जुग सफेद दाढ़ी वाला भी था। बच्चा बैरक के सामने से गुजरने पर एकदम बोल उठा शाबाश, आप लोगों की हिम्मत और बहादुरी पर, खुदा पर भरोसा रखो जीत आप लोगों के कदम चूमेगी। मेरे नन्हे शेरों, डटे रहो, "हिम्मते मर्दा मददे खुदा।" आप लोगों ने और खासकर इन मासूम बच्चों ने इस जालिम हुकूमत को जो कुर्बानियां दी हैं वो कभी जाया नहीं जा सकती। मैं हैरान हूं, चौदह–चोदह, पन्द्रह–पन्द्रह साल के बच्चे इस दोजख की आग का कितनी बहादुरी से मुकाबला कर रहे हैं। सात–आठ महीनों से इन मासूम फरिश्तों के फूल से चेहरे मुर्झा गए पर क्या मजाल किसी के चेहरे पर गमी या उदासी के निशान हों। शाबाश मेरे बहादुरों डटे रहो अब एक ही झटके की कसर है अल्लाह जरूर––––इतना ही कहने पाया था कि सिपाही ने आ कर कहा चलो आप की जमानत हो गई है। यह लोग उसी दम वापस चले गए।

वो लोग तो ज़मानत होने पर वापस चले गए पर मेरे दिल में एक अजीब सा विचार छोड़ गए। इस भूमि में अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे चलाए जा रहे आन्दोलन की सराहना करते हैं और वे भी चाहते हैं कि हिन्द से हमारा रिश्ता अटूट हो। यह लंगड़ा रिश्ता न रहे धारा 370 जल्द से जल्द खत्म हो और यहां पर मनमानी करने वालों की हुकूमत खत्म हो। उस बुजुर्ग की बातें सुनकर हमारे हौंसले और बढ़ गये। 6 ज्येष्ठ–बारिश फिर शुरू हो गई सर्दी बढ़ गई सारा दिन कम्बल लपेट बिस्तर में बैठे रहे। 7 ज्येष्ठ बारिश बन्द है। आज चीफ ने एक कड़ाही और छलनी बनाने का आदेश दिया। आशा हुई कि अब मक्की और गुड़ मिलने लगेगा। पर दिल में विचार आया कि दुनियाँ भर का झूठ कश्मीरियों के हिस्से में आया है न मालूम कब तक टालते जाएंगे। मैं अपने मन में सोच ही रहा था इतने में छोटी उम्र का सुन्दर सा लड़का रघुनन्दन राजौरी वाला हमारे पास आ बैठा। उसे देख एक साथी ने कहा 'धन्य है यह लड़का जिसने पुलिस की बहुत मार पिटाई के बाद भी कुछ नहीं बताया।' मैने उससे उसकी आपबीति सुनाने का आग्रह किया। वह बोला 21 माघ को पुलिस ने हमारे घर छापा मारा और तलाशी में कुछ पर्चे मिल गए। वे मुझे हथकड़ी लगा थाने ले गए। जगदीश शास्त्री का पता पूछा। मैने कहा मुझे नहीं मालूम। उन दिनों जगदीश शास्त्री हमारे प्रान्त में काम करता था। S.H.O. ने जोर से कहा मुझे मालुम है कि जगदीश हर रोज़ तुम्हारे घर आकर ठहरता है। मैने साफ जवाब दिया मुझे नहीं मालुम। S.H.O. ने एक ज़ोरदार चांटा मेरे मुंह पर मारा। सिपाहियों ने लात और घूंसों से मेरी जोर दार पिटाई की मैं बेहोश हो गया। पानी के छींटे मेरे मुंह पर मार मुझे होश में लाया गया और फिर वह प्रश्न–जगदीश का पता बताओ। मैने फिर वही जवाब दिया मुझे नहीं मालूम और यदि मालूम भी होता तो आपको हरगिज़ नहीं बताऊंगा चाहे मार भी डालो। यह जवाब सुन 'लालमन' S.H.O. आगबबूला हो गया और धड़ाधड़ मेरी पिटाई फिर शुरू कर दी। लगातार छः दिन मुझे पीटा जाता रहा और उलटा लटकाया जाता आखिर जब मेरा मुंह न खुलवा सके तो अदालत में मेरा चालान पेश कर दिया। अदालत ने नौं माह की कैद का हुक्म दिया तब उस दुष्ट 'लालमन' से मेरी जान छूटी। अब आपके साथ जेल में रहकर आनन्द ही आनन्द, हां कभी छाती में दर्द होता है और थूक के साथ खून भी आ जाता है बाकी सब ठीक है। यह थी उस मासूम लड़के की आपबीति। मन में विचार आया कि कैसे उस पापी का हाथ इस मासूम लड़के की तरफ उठता था।

8 ज्येष्ठ– आज शाम जब रोटी बांटी गई तो ऐसा लगा रोटी वज़न में कम है। जब तराजू मंगवा कर वजन करवाया गया तो रोटी छः छटांक निकली। हम सबनें रोटी खाने से इन्कार कर दिया। हम सब ने कहा अभी मक्की तो मिली नहीं रोटी पहले ही कम हो गई। रिपोर्ट S.P. के पास गई उसने कहा तीन आदमी मेरे पास दफ्तर

आकर बात करो। सबने विचार करने के बाद 'चतरू राम डोगरा, कुंज लाल और मेरा नाम' सुझाया गया। हम तीनों S.P. से मिलने गए। मुझे और कुन्ज लाल को डयोढ़ी में बिठा कर डोगरा साहब को दफ्तर में बुलाया। हम डयोढ़ी में बैठे थे इतने में दो कश्मीरी कैदी जो अदालत में पेशी पर गए थे वापस आए। सर्वानन्द दरबान ने उससे दो–दो आने रिश्वत लेकर तलाशी का फर्ज़ पूरा किया और कहा सब ठीक है। इतने में माखन लाल हैड वार्डन आ गया उसने फिर उनकी तलाशी ली और सिग्रेट तम्बाकू और पैसे निकाले और कहा मेरा हिस्सा दिए बगैर तुम यह चीज़ें अन्दर नहीं ले जा सकते। उन्होंने एक–एक आना हैड वार्डन को दिया तो उसने उनके तम्बाकू सिग्रेट वापस कर दिया। मेरी अन्तर्आत्मा रो रही थी कि यह लोग एक आना तक रिश्वत ले लेते हैं। शायद उनकी आत्मा भूखी थी। इतने में डोगरा साहब अन्दर से आए और कहा S.P. ने आज के लिए माफी मांगी है और यकीन दिलाया फिर ऐसा नहीं होगा। मैने कहा डोगरा साहब माफी मांगने से इसका क्या बिगड़ा कम से कम एक मन अनाज इसने बचा लिया।

9 ज्येष्ठ– आज चावल एक छटांक कम मिले और साथ एक छटांक मक्की भी मिल गई। गुड़ के लिए पूछने पर जवाब मिला वो भी दो एक रोज़ में मिल जाएगा। आज शाम जो सब्जी खाने को मिली वो गली सड़ी और एक–एक पत्ते के साथ हज़ारों कीड़े यह सबने खाने से इन्कार कर दिया। चीफ आया रोटी उठवाई और सबको बैरकों में बन्द कर दिया और कहा 'मरो भूखे'। रात 12 बजे S.P. और चीफ दोनो बैरक खुलवा अन्दर आये और कहा आप लोग मुझ पर भरोसा कीजिए मैं खुद नहीं चाहता कि गली सड़ी सब्जी आपको दूं मगर वो बेईमान ठेकेदार ने यह सब्जी लंगर वालों को दी। चाहे कसम ले लो। मैं ठेकेदार से जवाब मांगूगा। मैने कहा रैणा साहब हम पिछले चार महीनों से आपकी कसमें सुनते आ रहे हैं कैसे आप पर विश्वास किया जाए। वह बोला अब जो भी सब्जी लंगर में आएगी आपके आदमी उसको साफ किया करेंगे पर आज खाना खा लो। अन्त में सब ने नमक के साथ रोटी खाई।

12 ज्येष्ठ– आज खाने में गुड़ भी मिलना शुरू हो गया राशन दो छटांक कम हो गया उसकी जगह एक छटांक गुड़ एक छटांक मक्की।

13 ज्येष्ठ– धारा 3 के कैदियों को आज से स्पैशल खुराक मिलने लगी। सुबह दो सब्जियां, दोपहर को मक्की और गुढ़ शाम को एक–एक कप चाय और रात को फिर दो सब्जियों के साथ रोटी। बाटी और डिब्बों के साथ एक एक मिट्टी का प्याला भी मिल गया।

16 ज्येष्ठ– आज सतपाल अखनूर वाले ने शिकायत की कि रोटी में रेत है। गुलाम मुसतफा हैड वार्डन ने

सतपाल को पकड़ 'कुक्कड़खाना' में बन्द कर के नाई को बुला कर उसके सर के बाल, दाढ़ी मूच्छें सफाचट करवा दीं मानो उसने अपनी तरफ से बहुत बड़ी सजा दी। गुलाम मुस्तफा अपने बहनोई मिर्ज़ा अफज़ल बेग के साथ जम्मू रहता था। मिर्ज़ा की कोठी पर एक हरिजन माली काम करता था उसकी लड़की के साथ इस गुलाम मुस्तफा ने जबरदस्ती मुंह काला किया इससे जम्मू में शोर मच गया और यह पकड़ा गया उन दिनों महाशा नाहर सिंह हरिजन नेता था। केस अदालत में गया नाहर सिंह ने तमाम हरिजन कौम से चन्दा जमा करके मुकद्दमा लड़ना शुरू किया। मिर्जा बेग ने मुल्ज़िम की सफाई में बयान दिया कि यह केस पुलिस ने बिल्कुल झूठा बनाया है। जिस दिन की यह घटना है गुलाम मुस्तफा सारा दिन मेरे साथ रहा। पर अदालत की कार्रवाई जारी रही। ऐसा लगा कि मुल्ज़िम सज़ा पा जाएगा। मिर्जा बेग ने नाहर सिंह को बुलाया पर्दे में क्या बात हुई कि नाहर सिंह ने मुकद्दमें की पैरवी छोड़ दी पर फिर भी अदालत ने गुलाम मुस्तफा को तीन साल कैद की सजा दी। अभी सज़ा चल ही रही थी कि शेख साहिब की हुकूमत आ गई। धड़ाधड़ यह खूनी और कातिल बाहर आने लगे उनमें यह दुष्ट भी बाहर आ गया। अब भी उसकी 1/2 साल की कैद बकाया है और यही गुलाम मुस्तफा हैड वार्डन बना हुआ है।

17 ज्येष्ठ– जैसा कि बार–बार हम लोगों को कहा जाता था कि कश्मीरी बहुत चोर हैं अपने–अपने कम्बल सम्भाल के रखो, आज बनारसी दास विश्नाह वाला धूप में कम्बल बिछा के बैठा था। पानी पीने बैरक में गया आने पर देखा कम्बल गायब। बहुत तलाश करने पर भी न मिला। चीफ से शिकायत की उसने तमाम कश्मीरी कैदियों को इकट्ठा करके खूब डांटा और दबाव डालने पर कम्बल मिल गया। चीफ ने कहा मैने बार–बार कहा है कि अपना सामान सम्भाल के रखो अगर 5 मिनट की भी देरी हो जाती तो कम्बल कभी न मिलता।

पीछे किसी अध्याय मे मैने पांच जंगी कैदियों के बारे में लिखा था जो रियास्त की मिलिशिया फौज से बागी हो हथियार ले पाकिस्तान जाते बार्डर पर पकड़े गए थे उनमें से मोहम्मद अली जो सिपाही था उसको छोड़ बाकी जमादार सैद उल्ला, गुलाम मोहम्मद रहमान और सूबेदार अब्दुल गनी जिनको स्पैशल क्लास दी गई थी सब कैदियों से अलग एक बैरक में रखा था। वहां किसी को भी जाने न दिया जाता था। पर मैं किसी न किसी तरह वहां पहुंच गया, एक तो मुझे लिखने का शौंक दूसरे उनके हालात जानने का। उसके साथ ही अनन्ततनाग के मशहूर मुकदमा के कैदी मोहम्मद दीन वकील, डा. अब्दुल मजीद ओर स्कूल मास्टर सैयद साहिब से मिलने का मौका मिला। वो सब शेख हुकूमत के खिलाफ थे। कहने लगे दफा 3 के अनुसार हमे दो साल से यहां बन्द रखा गया है। हम पर इल्ज़ाम यह लगाया कि हम लोगों ने महाराजा हरि सिंह के बंगले को जलाने की कोशिश की। हमने बार–बार गुजारिश की कि हम पर खुली अदालत में मुकद्दमा चलाया जाए। हम बता देंगे कि बंगला जलाने में किसका हाथ है। महाराज के बंगले का सारा कीमती सामान मिर्जा अफजल बेग के घर गया है। इस

लूट को छुपाने की खातिर बंगले को आग लगा दी। जब हम लोगों ने यह पर्दा खोलना चाहा तो रातों रात हमे दफा तीन के अनुसार गिरफ्तार करके जेल में बन्द कर दिया। और हर दो महीने के बाद हमारी सज़ा बढ़ा दी जाती है। एक बार हमने किसी तरह पंडित नेहरू तक आवाज़ पंहुचाने की कोशिश की पर प. नेहरू शेख साहिब के खिलाफ कोई बात नहीं सुनना चाहते। वो तो उसे आसमान से कोई उतरा हुआ फरिश्ता समझते हैं। यह बातें हो ही रही थी इतने में एक सिपाही हाथ में डाक लेकर आ गया। डाक में, शैली राम हरिजन जो जम्मू का रहने वाला था उसका भी पत्र था। पत्र से पता चला कि उसकी माँ का देहांत हो गया है वो जोर–जोर से रोने लगा क्योंकि उसका दुनिया में सिवाय अपनी माँ के और कोई न था और साथ ही यह भी लिखा था कि उसकी बकरियां चोरी हो गई हमने उसे माफी मांग कर घर जाने को कहा, वो बोला अब जाकर क्या करूंगा यदि बीमारी पर पता चलता तो शायद चला भी जाता माँ का संस्कार गांव वाले ने कर ही दिया होगा।

18 ज्येष्ठ– हमारे सामने वाली बैरक में एक छोटी उम्र का लड़का लाया गया जिसने अपने मालिक को जो एक डाक्टर था ज़हर दे कर मार दिया था। शायद इसकी नज़र उसकी किसी कीमती चीज़ पर पड़ गई होगी।

19 ज्येष्ठ– दोपहर को चीफ सिपाहियों के साथ भागता एक बैरक की तरफ गया। वहां एक कश्मीरी कैदी के बिस्तर की तलाशी ली। बिस्तर से उसे छः रोटियां छुपाई हुई मिली। मालूम हुआ ये लोग रोटियाँ दाव पर लगा जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने का दाना वो मुंह में डाल निगल गया पर जीती हुई रोटियाँ पकड़ी गई। दो तीन जुआरी पकड़ कर (पैन्दा खां) के हवाले किये जो उनको मारता पीटता संगीन कोठरियों की तरफ ले गया।

20 ज्येष्ठ– आज जम्मू से सत्याग्रहियों का एक और ग्रुप यहाँ लाया गया। वो 37 थे। आते ही उनकों संगीन कोठरियों में ले जाकर पहले वाले कैदियों को निकाल बैरक के बजाए दूर मिस्तरी खाना के पीछे वाली बैरक में, जिन की दीवारें हम लोगों ने बनाई थी, रखा गया। आज जो खाना हमें मिला, दाल पानी जैसी पतली थी। पूछने पर पता लगा जो 37 नए आदमी जम्मू से आए उनके लिए सिर्फ आटा मिला था, दाल नहीं मिली। इस कारण इसमें थोड़ा सा पानी और नमक डाल कर इसी को पूरा किया गया। जो आदमी संगीन कोठरियों से निकाल मिस्तरी खाना के पीछे बन्द किए गए थे, न ही वहाँ पानी और न ही बिजली है। यहाँ से घड़े भर–भर उनके लिए पानी ले जाया गया क्योंकि उन लोगों को तो हम से मिलने नहीं देना चाहते और जो लोग संगीन कोठरियों में बन्द किए गए, उनको पानी भी लोहे के लगे फाटकों की सलाखों से दिया गया। 23 ज्येष्ठ, आज फिर कर्नल रामनाथ चोपड़ा जेल में निरीक्षण के लिए आया। हमने बड़े जोर से जेल वालों की शिकायत कर्नल से की। कर्नल ने उन शिकायतों को जल्दी दूर करने का आश्वासन दिया। हमने कहा, कर्नल साहब, आप संगीन कोठरियों में बन्द किए सत्याग्रहियों को भी देखें। उन पर कितना जुल्म हो रहा है। कर्नल एस. पी. को ले संगीन कोठरियों की तरफ चला गया। हो सकता है, उन लोगों ने भी कर्नल से अपनी बेबसी बयान की हो और जेल वालों की शिकायत की हो। क्योंकि उसी रात संगीन कोठरियों से रोने और चिल्लाने की आवाज़ें आती रही।

28 ज्येष्ठ, मौलाना आज़ाद कश्मीर आ रहे हैं। कल ईद है। वो तमाम लोगों के साथ ईद की नमाज़ अदा करेंगे। ऐसा "खिदमत समाचार पत्र" में पढ़ा। इधर जेल में तमाम मुसलमान कैदी ईद मनाने की तैयारियाँ कर रहे हैं पर बेचारे कैदियों की ईद क्या और बकरीद क्या। जिन बैरकों में मुसलमान कैदी हैं, आज 29 ज्येष्ठ उनका पवित्र त्यौहार ईद है। खुशी है। पर शायद चाय पीने और गाना गाने बजाने के सिवाए और कुछ नहीं। आज एक–एक आदमी ने दस–दस बार कहवा पिया होगा। आज इनकों काम से भी छुट्टी है। हल्की–हल्की बारिश हो रही है। मौसम बड़ा सुहावना है। मेरे सामने वाली बैरक में सारे इकट्ठे हुए और घड़े की थाप पर लगे राग अलापने। गाना तो समझ में नहीं आ रहा था पर उन सब का इकट्ठे मिलकर गाने का अपना ढंग था। एक आदमी मध्य में बैठा घड़ा बजा रहा है। बाकी सब सुर से सुर मिला लम्बी तानें निकाल रहे हैं। आज यह भूल गए हैं कि हम कैदी हैं और जेल की चारदिवारी में बन्द हैं। मैने उनकी बैरक में जाकर देखा, बहुत आनन्द आया। अचानक बैरक के एक कोने में दृष्टि गई। एक पतले से शरीर का कैदी सबसे जुदा, अलग सर झुकाए बैठा आँसू बहा रहा है। मैने एक से पूछा, यह आज की खुशी में क्यों शामिल नहीं हो रहा। उसने कहा, बाबूजी यह जब से जेल में आया है, तब से रोता रहता है। हमारे बार–बार कहने पर भी आज दिन भर इसने कुछ नहीं खाया। मैने उसके

कन्धे पर हाथ रख तसल्ली देकर कहा, उठो। खुदा पर भरोसा रखो। वो सब ठीक करेगा। इतना कहने की देर थी, वो फूट–फूट कर रोने लगा। बड़ी मुश्किल से उसको चुप कराया। बोला, घर में बहुत गरीबी है। मज़दूरी पर गुज़ारा था, रोटी चलती पर अब पाँच–छः साल से मज़दूरी भी नहीं। हर जगह टक्करें मारी, कहीं रोज़ी नहीं मिली। न ही मुझ जैसे गरीब को किसी ने उधार दिया। मैने और मेरी बीवी ने भूख सहनी सीख ली पर बच्चों का रोना नही देखा जा सका। एक ज़मींदार के घर चोरी अन्दर जाकर थोड़े से चावल चादर में बाँधे। निकलने की सोच ही रहा था कि घर के लोग जागे। वहीं पकड़ा गया।

अदालत ने तीन माह की सज़ा सुनाई। मुझे तो दोनो समय भरपेट न सही, आधापेट रोटी और चावल मिल रहे हैं पर मेरे बीवी और बच्चों पर क्या बीतती होगी। जिनका पेट भरने के लिए चोरी करने निकला था। वो भूख से न मालूम जिन्दा हैं या मर गए। मैं ईद की खुशी में क्या शामिल हो सकता हूँ। उसकी कहानी सुन आँखों में आँसू आ गए। घड़ा बजता रहा, गाने होते रहे। मैं सब छोड़ अपनी बैरक में चला आया। दो आषाढ़–पता लगा मौलाना आज़ाद हवाई जहाज से देहली वापिस चले गए और यह भी सुनने में आया कि वो यहाँ से बिना चाये पिए गुस्से में वापिस चले गए। ईद के दिन शेख ने रेडियो पर जो भाषण दिया वो भारत के खिलाफ और पंडित नेहरू पर कटाक्ष किया गया था। उसने कहा था, "कश्मीरी लोग अपनी किस्मत का फैंसला आप करेंगे। किसी को कोई अधिकार नहीं कि दिल्ली के बन्द कमरे में बैठ हमारी किस्मत का फैंसला करे। हम बेजान लाशें नहीं और न ही हम मिट्टी के पुतले हैं। किसी को कोई हक नहीं कि हमको बेचा जाए। यह जो प्रजा परिषद् वाले आंदोलन कर रहे हैं। यह हो नहीं रहा बल्कि इस को करवाया जा रहा है। हमें हरि सिंह से आज़ादी, आज़ाद रहने के लिए बहुत सी कुर्बानियां दे कर हासिल की। न कि हिन्दोस्तान और पाकिस्तान के गुलाम बनने के लिए। हमारी कौम लगातार 20 साल से मुस्लिम कान्फ्रेंस, पोलिटीक्ल कान्फ्रेंस और अब नेशनल कान्फ्रेंस के नाम कुर्बानियां देती आ रही है। उस कौम में अब भी वही जज़्बात और वोही खुद्दारी जिन्दा है। कोई भी आदमी दिल्ली या लंदन में बैठ हमारी किस्मत का फैंसला नहीं कर सकता।"

ऐसी ही यह तकरीर 16 जून 1953, 3 आषाढ़ समाचार पत्र खिदमत में पढ़ने को मिली क्योंकि उन दिनों भारत और पाकिस्तान के मध्य कश्मीर के झगड़े पर बातचीत हो रही थी। बहुत सी बातें जुबानी सुनने में आ रही थी कि कश्मीर में हालात हर रोज़ बिगड़ती जा रही है। इसी कारण मौलाना आज़ाद नाराज़ होकर वापिस चले गए क्योंकि हिन्द के प्रति कश्मीर के लोगों में ज़हर भरा जा रहा है। शेख ने मौलाना के नाराज़ होकर वापिस जाने की कोई परवाह नहीं की। ईधर बख्शी गुलाम मुहम्मद और शेख की आपस में नाराज़गी दिखाई देने लगी क्योंकि ईद के रोज़ जामा–मस्जिद में बख्शी ने ईद की नमाज़ लोगों के साथ जमीन पर बैठ कर पढ़ी और शेख की

तकरीर भी मंच पर शेख के साथ न बैठकर जमीन पर बैठ कर सुनी। ऐसा जान पड़ता है कि शेख सुल्तान बनना चाहता है। 19 जून, आज फिर हल्की–हल्की बारिश हो रही है। मौसम बड़ा सुहावना हो गया है। मगर हमारे साथी जो संगीन कोठरियों में बन्द हैं, वो हवा और रोशनी से महरूम हैं। आज ''खिदमत समाचार पत्र'' में पढ़ा कि कश्मीर में बहुत सी गिरफ्तारियाँ हो रही हैं। कुछ आदमी फिर पोलिटीक्ल कान्फ्रेंस का झंडा उठा यह नारे लगा रहे थे। हिन्द की फौज वापिस ले जाओ। रायशुमारी कराई जाए। यह हुकूमत तोड़ दो। हिन्द की फौज और रूपया हमें नहीं चाहिए। जो पकड़े गए, उनमें गुलाम महिउद्दीन करा, करा अब्दुल लतीफ और मुहम्मद अमीन नज़मी के नाम शामिल हैं और इसी किस्म के नारे चार रोज़ पहले शेख ने जुम्मा की नमाज़ के पहले कहे थे। हमें नहीं चाहिए, हिन्द की फौज और रूपया। अगर हिन्द वालों को अपनी फौज और रूपए पर मान है तो ले जाओ अपनी इमदाद। उसी दिन बख्शी गुलाम मुहम्मद ने बयान दिया, "कुछ लोग जब कि कश्मीर चारों ओर दुश्मन से घिरा हुआ है, आज़ाद रहने के ख्वाब देख रहे हैं। या तो वो स्वयं पागल हैं या दुनिया को पागल बनाने की कोशिश कर रहे हैं।"

अठारह

जब पोलिटीक्ल कान्फ्रैंस वालों ने इस किस्म की आवाज़ें निकालनी शुरू कर दीं और स्वयं शेख ने भारत के विरूद्ध बयान दिया। कश्मीर की स्थिति दिन–ब–दिन खराब होने लगी। सैलानी लोग जो श्रीनगर सैर के लिए आए थे, वो धड़ाधड़ वापिस जाने लगे। 6 आषाढ़, आज जेल में कोई अजीब बात होती दिखाई दे रही है। सारा जेल स्टाफ ईधर–उधर दौड़ता फिर रहा है। हमारे तीन–चार आदमी जो सब्जी साफ करने जाते थे और न ही किसी भी बैरक से किसी भी आदमी को बाहिर निकलने दिया जा रहा है। कुछ बाटियाँ, कम्बल जेल से बाहिर ले जाए जा रहे हैं। ऐसा दिखाई देता है कि जेल के बाहिर एक और जेल बनाई जा रही है। सुनने में आया, श्री उमाशंकर त्रिवेदी श्रीनगर आए हैं। वो डाक्टर मुखर्जी का केस अदालत में लड़ेंगे। आज उसी की पेशी है। 7 आषाढ़, आज लाल सिंह तहसील R.S. Pura इन्द्रनाथ, संसार सिंह, जयदेव सिंह गुड़ा सलाथियां वाले अपनी सज़ा काट घर जा रहे हैं। उनको भी जेल वालों ने एक पैसा फी मील के हिसाब से दिया। उन्होंने बहुत शोर मचाया पर किसी ने नहीं सुना। आठ आषाढ़, आज तहसील साम्बा में सिद्ध स्वांखा में बड़ा भारी मेला लगता है। यहाँ श्रद्धालु लोग बड़ी–बड़ी दूर से आते हैं। साल 47 से पहले वाली वो रौनक अब नहीं। उन दिनों पंजाब, लाहौर और पैशावर तक से लोग पवित्र स्थान पर मत्था टेकने आया करते थे। अब हर रोज़ खिदमत समाचार पत्र से पता लगने लगा कि शेख हिन्द सरकार के खिलाफ जोरदार तकरीरें कर रहा है। इससे हिन्दू सिपाही एकदम बदल गए। हमसे बड़े प्यार और नर्मी से बर्ताव करने लगे और कहने लगे, हम लोग तो पहले ही कश्मीर में थोड़े से हैं। हमारा क्या बनेगा। सच जानो, यह जो आंदोलन आप कर रहे हैं, हमारा दिल आपके साथ है। पर क्या करें, ऊपर वाले अफसर मुसलमान हैं।

मैं दिल ही दिल हँसने लगा, पर इन पर रहम भी आया। यह तो सचमुच गिरगिट हैं जो हर दो मिनट के बाद अपना रंग बदलता हैं। किचन के साथ ही अस्पताल के दो कमरे हैं। उसके साथ एक छोटा सा कमरा और है। एक दिन उधर नजर गई। देखा, दो बेजान लाशें। नहीं मालूम कब से पड़ी यहाँ सड़ रही हैं। मगर उनमें कुछ हरकत हुई। बदन के रौंगटे खड़े हो गए। इनमें एक मुज्जफराबाद का मुस्लिम कैदी, जो 1947 के हमला करने वालों में से गिरफ्तार करके यहाँ लाया गया था। बहुत लम्बा चौड़ा और कभी बहुत सेहत वाला नौजवान रहा होगा। जैसा कि उस सूखे हुए ढाँचे से दिखाई देता है। उसके माथे पर जड़ी दो मोटी–मोटी आँखें देखने वाले पर दहशत तारी कर देती हैं पर अब वो उठ भी नहीं सकता। नामुराद मर्ज़ से उसका सारा जिस्म सड़ गया है। जगह–जगह से पीक निकल रही हैं मक्खियां भिनभिना रही हैं। बदबू इतनी कि कमरे में खड़ा भी हुआ नहीं जाता सारा दिन अपने बिस्तर पर पड़ा मौत की घड़ियाँ गिन रहा है ओर दूसरा एक कश्मीरी मुसलमान सूखकर बिल्कुल

काँटा हो गया है। शरीर में मुट्ठी भर हड्डियों के सिवाय कुछ नज़र नहीं आता मानों लकड़ी के टाँचे पर मामूली से कपड़े का गिलाफ चढ़ा दिया है।

दोनो मायूस नज़रों से हर आने जाने वाले को देखते रहते हैं। बड़ी हैरानी हुई कि इन दोनो की जान कितनी बेशर्म है जो इस सड़े–गले ढाँचे से नहीं निकल रही। यूँ जान लो, कानून अपना फर्ज़ पूरा करने के लिए लाशों को सज़ा दे रहा है। मैंने चीफ से पूछा, यदि आप इन दोनो को बाहिर सड़क पर फैंक दें तो कानून का क्या बिगड़ेगा। हो सकता है, बाहिर जाकर इनका ईलाज होने से इनकी जान बच जाए। पर कानून हमें इस बात की इजाज़त नहीं देता। इतना कह चीफ चला गया। मैने सोचा, यह तो नहीं पर सज़ा पूरी होने तक इनकी लाशें बाहिर जाएंगी। मैने डाक्टर को कभी उनकी तरफ जाते नहीं देखा। दोनो कूड़े के ढेर की तरह पड़े सड़ रहे हैं। यही है इन्सान का बनाया हुआ कानून, जिसकी नज़रों में एक इन्सान की जान की कीमत सड़े–गले फल की तरह है। जो जान दुनिया भर की दौलत खर्च करने पर भी नहीं मिल सकती। किस तरह मिट्टी में मिलाई जा रही है। नौ आषाढ़, आज हंसराज और वही अखनूर वाले दोनो किसी बात पर आपस में झगड़ पड़े। कारण कुछ भी नहीं था पर बेकार पड़े–पड़े दोनो चिड़–चिड़े हो गए थे क्योंकि बेकार आदमी का दिमाग शैतान की मशीन होती है। झट गुलाम मुस्तफा ने बख्शी को पकड़ संगीन में बन्द कर दिया। शाम को जब चीफ आया तो कहने पर बख्शी को संगीन से बाहिर निकलवाया गया। आज कुछ और साथी भी संगीन कोठरियों से हमारी बैरक में लाए गए। उनमें एक थे, ध्यान सिंह गाँव पूल्लन तहसील बसोहली के। ध्यान सिंह ने बताया, 25 माघ को गाँव बिलावर तहसील बसोहली में प्रजा परिषद् का जलसा हो रहा था। तीन–चार हज़ार के लगभग जनता पुरअमन बैठी जलसा सुन रही थी। पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुँध लाठियां बरसानी शुरू कर दी। लोगों को भागने का समय नहीं मिला।

500 लोग जखमी हो गए। बहुत से बच्चे और बूढ़े पाँव तले कुचले गए। भागती हुई जनता के पीछे पुलिस वाले लाठियां बरसाते दौड़े। जो लोग बाज़ार में सौदा खरीदने आए थे, इन शैतानों ने उन पर भी रहम नहीं किया। 33 आदमी गिरफ्तार करके थाना बिलावर में बन्द कर दिए। रात को चूनी लाल और मलिक सब इन्स्पैक्टरों ने उन लोगों को मार–मार कर मुआफी मांगने के लिए कहा। 15 दिन थाना में उन लोगों की पिटाई होती रही। आखिर तब तक बहुत से लोग मुआफी मांग चले गए। पर गुर प्रकाश गाँव किशनपुर मनवाल, चौधरी लाज सिंह गाँव दरोंग, नथ्था सिंह गाँव जनौटा, भक्त राम गाँव भिड़ना, अमृता गाँव डडौड़ा ने मुआफी नहीं मांगी। उन लोगों की हर रोज़ पिटाई होती रही। 25 फागुन गाँव पल्लन, जो बिलावर से पाँच मील के फांसले पर है, सवेरे चार बजे मेरे मकान को चारों ओर से घेर लिया। उस रात ठाकुर र्स्वणदेव सिंह गुड़ा सलाथियाँ वाले मेरे ही घर थे। भागने का

बहुत प्रयत्न किया पर भाग न सके। पकड़े गए। मुझे मार–मार कर अधमरा कर दिया। मेरी माँ भी पास खड़ी रो रही थी, सहन न कर सकी। मेरे ऊपर लेट गई। पर गुरबक्श सिंह नायक मिलिशिया और मलिक S.H.O ने मेरी बुढ़ी माँ पर भी रहम नहीं किया। मार–मार कर मेरी माँ का बाजु तोड़ दिया। यह देख मुझसे सहन न हो सका। जोश में आकर उठने की हिम्मत की पर मलिक S.H.O ने बूट की जोरदार ठोकर मारी। मैं मुँह के बल ज़मीन पर गिरकर बेहोश हो गया। मलिक ने कहा, हरामज़ादा बहाना करता है। दो सिपाही पाँव से पकड़ मुझे घसीटने लगे। एक कंकर मेरी आँख में लगा। मेरी आँख सदा के लिए जाती रही, जैसा की आप देख रहे हैं।

मेरी पत्नी ने भाग कर किसी के घर शरण ली। माँ बेहोश पड़ी थी। मेरे घर में उन पुलिस वालों ने वो लूट मचाई, रामायण के मारीच और सुवाहु की याद ताजा की दी। जब मुझे होश आया तो मेरी आँख से खून बह रहा था पर किसी ने मुझे डाक्टर को दिखाने की ज़रूरत नहीं समझी। उसके बाद मेरे बहनोई तुलाराम, गाँव तरालता को भी दुनीचन्द, अधरूराम, लक्ष्मण दास, केसर चन्द के साथ पकड़ मारते–मारते उनको भी हवालात में बन्द कर दिया। रात भर उनकी जोरदार पिटाई होती रही। सारी रात चीखने चिल्लाने की आवाज़ें आती रहीं। जबकि उन लोगों का इस आंदोलन से कोई वास्ता नहीं था, केवल इसलिए कि वो मेरे रिश्तेदार थे। स्वर्णदेव सिंह आदि तीन आदमी मेरी ही साथ हवालात में रखे गए। आँख के कारण मुझे बहुत कष्ट हो रहा था। मेरी हालत बहुत खराब देख डाक्टर को बुलाया गया। डाक्टर ने कहा, कंकर लगने के कारण इसकी आँख सदा के लिए चली गई है। अठारह दिन के बाद हम सब को अदालत में पेश किया। वहां हमें छः–छः महीने की कैद और दो सौ रूपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। किसी ने मुझे यह सुनाया कि जुर्माना के लिए मेरे घर से पुलिस वाले एक भैंस खोल कर ले गए। इतना ही कहा था कि बूढ़े गिलगती बिगुलर का बिगुल जोर से बज उठा।

बिगुल इतने जोर से बजा, जिससे सारी जेल गूँज उठी। सिपाही लोग ईधर–उधर दौड़ने लगे। एक दम भगदड़ मच गई। तमाम कैदियों को एक दम बैरक में बन्द कर दिया। हम सब हैरान हो गए कि क्या हो गया। कुछ पता न चल सका। दो घंटे बाद तमाम बैरकें खुल गई। बिल्कुल शांति दिखाई दी जैसे कुछ हुआ ही नहीं। पूछने पर पता चला, एक कैदी जो दूसरे कैदियों के साथ बाहिर लकड़ियां लेने गया था, भाग गया था। वो उड़ी का रहने वाला था और चार महीने की सज़ा काट रहा था जिसमे से वो एक महीना काट चुका था। भाग तो गया पर उसकी किस्मत में बाहिर की हवा नहीं लिखी थी। जेल की वर्दी होने की वजह से पुलिस के हाथों पकड़ा गया और फिर जेल में लाया गया और आते ही उसको संगीन कोठरी में बन्द कर दिया। दोपहर को सब इंस्पेक्टर अमीर अहमदउल्ला बड़ा सा टोप पहने साहिब बना जो कुछ दिन बनिहाल में भी रहा था, सिपाहियों को साथ ले जेल में आया। यह आदमी दुनिया भर का झूठा और बेइमान, एक कोने में जेल की दीवार का माप लेने लगा। जेल वाले सिपाहियों ने लिखवाया कि जो कैदी भाग गया था, वो इस दीवार से होकर बाहर कूदा। यह बात अक्ल से परे दिखाई देती है कि एक मामूली कैदी इस दीवार को कैसे फाँद सकता है। यदि यह ड्रामा न किया जाता तो जेल वालों पर यह जुर्म आता था कि कैदी को बिना हथकड़ी और बेड़ी लगाए फाटक के बाहर क्यों जाने दिया। पुलिस यह झूठे बयान ले चली गई। 23 जून, आज का दिन भारत वर्ष और हिन्दुओं के लिए दुर्भाग्य पूर्ण गिना जाएगा। यदि आज का सूरज न ही निकलता तो अच्छा था। आज सारे सत्याग्रही कैदियों को संगीन कोठरियों से बाहिर लाया गया। 26 दिन के बाद इन लोगों ने रोशनी और हवा देखी। सबके चेहरे बड़े अजीब दिखाई दे रहे थे। ऐसा दिखाई देता था मानों पीले रंग की बेजान लाशें चल फिर रही थी। सबने एक ही बात बताई कि पैन्दा खाँ और मुहम्मद अली के हाथों कई–कई बार हमारी पिटाई होती रही। हमारा कसूर बस इतना ही था कि हमने कर्नल राम नाथ चोपड़ा के सामने जेल वालों की शिकायत, पानी न मिलने की शिकायत और डाक्टर अमरनाथ रैणा की शिकायत की थी कि बार–बार रोने चिल्लाने पर भी हमे दवाई देनी तो दूर ऊपर से हमारा खाना भी बन्द किया जाता था। पर जो लोग डाक्टर को कुछ घूस देते, उन्हें स्पैशल खुराक और दूध दिया जाता था। कर्नल चोपड़ा ने हैरान होकर पूछा, "घूस, वो कैसे"? हममें से एक ने कहा, यदि विश्वास न हो तो डाक्टर के घर तलाशी लेने पर आपको गजेह सिंह पोगल प्रस्तान वाले का गर्म कोट वहां मिलेगा। वो कोट लेकर डाक्टर ने कहा था, यदि यह कोट नया होता तो पूरा एक महीना दूध लगा देता। पर कोट पुराना था। इसलिए आपको दस रोज दूध मिलेगा। गजेह सिंह मान गया सो उसको दस रोज दूध मिलता रहा। ऐसी और भी कई शिकायतें कर्नल चोपड़ा के सामने रखी गईं। कर्नल तो चला गया पर शिकायत करने वाले, हम लोगों की, कईं–कईं रोज़ पिटाई होती रही। जो हमारे साथी संगीन कोठरियों से आए थे, उनमें एक हीरानगर के सत्याग्रही थे। उनसे हीरानगर गोली काण्ड जो उन्होंने अपनीं आँखों देखे थे, जाने। नाम तो मुझे उनका याद नहीं। जिस

कागज़ के टुकड़े पर उनका नाम लिखा था, वो फट जानें के कारण नाम भूल गया। मैं आपको फिर याद दिला दूं, मेरे पास न ही कोई कापी थी और न ही डायरी। सिगरेट की डिबिया या बाहिर घूमने से छोटे से छोटा पुर्जा भी मिलता, मैं उस पर लिखता और उन कागज़ों को कहाँ छुपाता, यह पर्दे में ही रहने दो। हाँ, उस सज्जन ने बताना शुरू किया कि दोपहर तीन बजे के बाद हीरानगर स्कूल के आहता में बख्शी गुलाम मुहम्मद, जो उन दिनो डिप्टी प्राइम मीनिस्टर था, गिरधारी लाल डोगरा, पंडित बलदेव चन्द D.C. कठुआ और सहदेव सिंह तहसीलदार और बहुत से अधिकारी बैठे प्रजा परिषद् के चल रहे आंदोलन को कैसे दबाया जाए, इस पर विचार कर रहे थे। इतने में चारों ओर से प्रजा–परिषद् जिन्दाबाद के नारे लगाता जलूस स्कूल की ओर बढ़ता आया। अभी जलूस सौ गज परे था कि डी. सी. ने जलूस पर पुलिस वालों को टियर गैस चलाने के लिए आर्डर दिया। टियर गैस के गोले छोड़े जाने लगे। पर लोगों पर इसका कोई असर न हुआ। टियर गैस से लोग अच्छी तरह परिचित हो चुके थे। उनके हाथ में नमक और पानी की बाल्टियां थी। हर एक के पास एक–एक तौलिया था जिससे उस गैस की तुर्शी को रोका जा सकता था। जलूस आगे ही आगे बढ़ता चला गया। पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के गोली चलानी शुरू कर दी। दो आदमी वहाँ उसी समय मर गए। दर्जनों घायल हो गए। लोग भाग–भाग कर घरों में छिप गए। सारे शहर में कोहराम मच गया। शाम सिर पे आ गई। एकदम कर्फ्यू लगा दिया और ऐलान कर दिया, जो भी बाहिर दिखाई देगा, गोलियों से भून दिया जाएगा। कोई घर से बाहिर न निकल सका। लाशें वहीं पड़ी रहीं। सरकारी आदमियों ने अच्छा समय जान रात नौ बजे वहां से लाशों को उठा ट्रक पर डाल कहीं ले गए और खून जो ज़मीन पर बिखरा था, उसको पानी डाल–डाल कर साफ किया जिससे कोई निशान न रह सके कि यहां कोई मृत्यु भी हुई है। लाशें ट्रक पर डाल हीरानगर से चौदह मील के फांसले पर कालीबड़ी जो कठुआ से दो मील के अन्तर पर है, ले गए। वहां लकड़ी के टाल से यह कहकर कि मिलिट्री कैम्प में फौजियों के खाना बनाने के लिए लकड़ी चाहिए, खरीद ली। वहां से लखनपुर जाकर एक पैट्रोल पंप से दो गैलन पैट्रोल खरीद लिया और बसोहली रोड पर दूर घने जंगल में लाशों को लकड़ियों पर रख पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। रात के बारह बज चुके थे। यह सब काम इंस्पेक्टर अजीत सिंह और कॉपरेटिव इंस्पेक्टर पंडित तारामणी, हीरा नगर वाले और बारह सिपाहियों ने किया। सारे दिन की दौड़ धूप और भूखे प्यासे इन लोगों ने साढ़े–तीन मील के फांसले पर थाना बसन्तपुर के हैडकान्सटेबल बख्शी देशराज और तीन सिपाहियों की ड्यूटी लगाई कि जब तक ये लाशें पूरी तरह जल न जाएं, उनकी राख वगैरा मिटा, साफ कर दें। वापिस न जाएं और खुद वापिस चले गए। पैट्रोल की आग एकदम भड़क उठी। थोड़ी देर बाद बसन्तपुर थाना के सिपाही बख्शी और देशराज ने सोचा कि आग भड़क उठी है। कौन इस सर्दी और इस भयानक जंगल में सारी रात बैठा रहे। सूरज निकलने से पहले आकर यह निशान साफ कर देंगे, तब तक लाशें भी जल चुकी होंगी। उस वक्त महीना दिसम्बर चल रहा था। ऐसा विचार कर वो भी वापिस चले गए। पर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। कुदरत इस जालिम हुकूमत और उनके अफसरों को नंगा

